

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 28 नवंबर 2023 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-239 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 29 नवंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### आरक्षक ने सर्विस रायफल से खुद को मारी गोली

**सुकमा,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आरक्षक ने अपने सर्विस रायफल से खुद को गोली लिया। इस घटना के बाद थाना परिसर में अफरा - तफरी मच गई। वहीं जवानों ने जवान को गंभीर हालत में सुकमा जिला अस्पताल में इलाज के भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि आरक्षक अपने सिर के पुराने चोट के चलते परेशान चल रहे थे, हालंकि की जवान ने खुद को गोली क्यों मारी इस बारे में अभी जानकारी नहीं मिल पाई है। जानकारी के मुताबिक घटना सुकमा के छिंदगढ़ का बताया जा रहा है। जहां थाने में पदस्थ आरक्षक नरेंद्र नेगी उम्र 25 वर्ष ने सोमवार की देर शाम थाना परिसर में अपने सर्विस इंसास रायफल से खुद को गोली मार ली, और खून से लथपथ मौके पर ही गिर पड़े। इधर गोली की आवाज सुनकर थाना परिसर में हड़कंप मच गया, वहीं थाने में पदस्थ अन्य जवानों ने गंभीर रूप से घायल जवान को तत्काल उपचार के अस्पताल लेकर गए जहां से उपचार के बाद स्तिथि को देखते हुए चॉपर से रायपुर रेफर किया गया है।

### 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाने वाले 7 कश्मीरी छात्र गिरफ्तार

**जम्मू-कश्मीर,28 नवंबर।** हाल ही में इंडिया आस्ट्रेलिया के बीच हुए फाइनल मुकाबले में इंडिया टीम हारने के बाद जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोल्ज़ी के सात कश्मीरी छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, 19 नवंबर को हुए मैच में कप हारने के बाद छात्रों ने पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाकर जश्न मनाया था। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आज सात छात्रों को हिरासत में लिया है। इन सभी छात्रों को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि ये कानून आमतौर पर आतंकि मामलों में लागू किया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक ये कार्रवाई गैर-कश्मीरों छात्रों की शिकायत पर की गई है। सभी आरोपित छात्रों की पहचान हो गई है। फिलहाल इंडिया की हार पर जश्न मानाने वालो को गिरफ्तार कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### मतगणना से पहले सीएम बघेल का दिल्ली दौरा

**रायपुर,28नवंबर।** मतगणना से पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली का दौरा कर रहे हैं. दिल्ली में वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे. इस दौरान प्रदेश की स्थिति को लेकर हाई कमान को जानकारी दे सकते हैं. मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री बघेल दोपहर दोपहर 12 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे. पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात के बाद रात में छत्तीसगढ़ सदन में विश्राम करेंगे.

### कोयला लोड ट्रक में लगी भीषण आग

**कोरबा,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित गेवरा खदान में कोयला लोड ट्रक में भीषण आग लग गई। आग लगाने के बाद खदान में हड़कंप मच गई। जैसे-तैसे कूदकर ट्रक चालक ने अपनी जान बचाई। इसके बाद इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में लग गई। बताया जा रहा है कि, ट्रक में आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। ट्रक के चारों ओर कोयला ही कोयला,था। अगर मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंचता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।



# 41 मजदूरों के पास पहुंच गई एनडीआरएफ टीम

**नैनीताल,28 नवंबर।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में टनल में फंसे मजदूरों को निकालने की कोशिशें लगातार जारी हैं. रेस्क्यू टीमें रैट होल माइनिंग और सुरंग के ऊपर से वर्टिकल ड्रिलिंग कर रही हैं. उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मजदूरों को बाहर निकाला जा सकता है. रेस्क्यू टीमों ने मजदूरों के परिजनों से उनके कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा है. मजदूरों को निकालने के बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया जाएगा. उत्तराखंड के उत्तरकाशी में टनल में फंसे मजदूरों को किसी भी वक्त बाहर निकाला जा सकता है. सुरंग में खुदाई पूरी हो गई है. 800 मिमी व्यास का पाइप भी डाला जा चुका है. एनडीआरएफ की टीम पाइप के जरिए मजदूरों तक पहुंच गई है. ये टीम मजदूरों को पाइप के जरिए बाहर निकालने में मदद करेगी. उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही मजदूरों को बाहर निकाला जा सकता है. रेस्क्यू टीमों ने मजदूरों के परिजनों से उनके कपड़े और बैग तैयार रखने को कहा है. मजदूरों को निकालने के बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया जाएगा. उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित सिलक्यारा टनल में पिछले 16 दिनों से फंसे मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए महज 2 से 3 मीटर की दूरी ही बची है।

### पीएम ने सीएम धामी से की बात

उत्तरकाशी में ध्वस्त सिल्क्यारा-बरकोट सुरंग के अंदर फंसे 41 श्रमिकों की मदद के लिए बचाव अभियान मंगलवार को भी जारी है। 41 श्रमिकों को बचाने के लगातार प्रयास चल रहे हैं। सोमवार की शाम तक, क्षतिग्रस्त बरमा ड्रिलिंग मशीन के अंतिम हिस्से को टुकड़े-टुकड़े करके काट दिया गया था और एक स्टील पाइप को आंशिक रूप से पूर्ण भागने के मार्ग में डाला गया था। इन सब के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को फोन लगाया और उत्तरकाशी टनल में फंसे मजदूरों से जुड़े अपडेट्स लिए। इस बात की जानकारी सीएमओ ने दी।

# हैदराबाद में राहुल ने आटो से किया चुनाव प्रचार

**हैदराबाद,28 नवंबर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार, 28 नवंबर को तेलंगाना में चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हैदराबाद के जुबली हिल्स में ऑटो की सवारी की। सवारी लेने से पहले कांग्रेस नेता ऑटो चालक की वर्दी पहनकर ऑटो चालकों के बीच बैठे और उनके साथ सेल्फी ली। बाद में वह ऑटो के किनारे चल रहे सुरक्षाकर्मियों के साथ सवारी के लिए ऑटो में चढ़ गया। इस दृश्य का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। ऑटो की सवारी से पहले, कांग्रेस नेता ने मंगलवार को हैदराबाद में स्वच्छता और गिग श्रमिकों से बात की और कहा, ÷अगर कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता में आती है, तो वह राजस्थान में हाल ही में पारित कानून की तर्ज पर गिग श्रमिकों के कल्याण के लिए कानून लाने पर विचार करेगी।



राहुल ने कहा कि राजस्थान में हमने गिग वर्कर्स की एक कैटेगरी बनाई है। उसमें जब भी कोई आर्डर आता है, उसका कुछ पैसा कंपनी की ओर से आपकी सोशल सिक्योरिटी जैसे- इंश्योरेंस, पेंशन में चला जाता है। उसी तरह तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनने के बाद आपकी बातचीत यहां के मुख्यमंत्री और कैबिनेट के साथ कराएंगे और आपकी समस्या का हल निकालेंगे। वहीं, एक ऑटो ड्राइवर ने समस्या बताते हुए कहा कि हम दूसरे शहर से ऑटो लाकर किराये से चलाते हैं, इसमें डीजल और किराया देने के बाद हमारे पास पैसे नहीं बचते। हमारा गुजारा बहुत मुश्किल से हो रहा है। केसीआर सरकार ने हमें मदद देने की बात की थी, लेकिन कुछ नहीं किया।

इससे पहले राहुल गांधी ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में अपनी पार्टी की जीत का भरोसा जताते हुए मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से कहा कि वह कांग्रेस से तेलंगाना के लिए किए गए कार्यों को लेकर सवाल पूछने से पहले खुद लोगों को बताएं कि उन्होंने इसके (तेलंगाना के) लिए क्या किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आयोजित विभिन्न चुनावी रैली में आरोप लगाया कि केसीआर देश में सबसे भ्रष्ट सरकार चला रहे हैं और पैसा कमाने वाले सभी विभाग राव के परिवार के सदस्यों के पास हैं। उन्होंने एक रैली को संबोधित किया जहां से केसीआर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख रेवंत रेड्डी को उनके खिलाफ खड़ा किया है।

# बीआरएस के नेता आलसी और भ्रष्टः प्रियंका

**हैदराबाद,28 नवंबर।** 30 नवंबर को होने वाले तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए जोरदार प्रचार अभियान मंगलवार शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा। आज भी कांग्रेस की ओर से जोरदार प्रचार जारी रहा। आज पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रचार किया। उन्होंने कहा कि यहां पर नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है, वह परीक्षा देते हैं तो पेपर भी लीक हो जाते हैं। आप तेलंगाना में जहां भी देखेंगे, वहां भ्रष्टाचार फैला हुआ है। हर प्रोजेक्ट के लिए कमीशन लिया जाता है। उन्होंने कहा कि ऊपर से यहां कमर तोड़ महंगाई है। जिसका पूरा असर महिलाओं पर पड़ रहा है। महिलाएं समाज का पूरा बोझ उठाती हैं, इसलिए वे सरकार से उम्मीद करती हैं कि सरकार भी इनके लिए कुछ काम करे। प्रियंका गांधी ने कहा कि यहां के नौजवानों, किसानों और महिलाओं ने अपना बलिदान देकर तेलंगाना बनाया है। इस जमीन में आपका खून-पसीना मिला हुआ है, इसलिए इसकी हिफाजत आपको ही करनी पड़ेगी। 10 साल से आप जिस केसीआर सरकार को देख रहे हैं, वह आपकी उम्मीदों को एक-एक करके तोड़ रही है। उन्होंने कहा बीआरएस के नेता आलसी और भ्रष्ट हो गए हैं। अब आप तय कीजिए कि आपको आलसी और भ्रष्ट सरकार चाहिए। या फिर दिन-रात जनता के लिए काम करने वाली कांग्रेस की सरकार चाहिए।



### लावारिस शव मिलने से फैली सनसनी

**जगदलपुर,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ जगदलपुर नयापारा स्थित पत्रकार भवन के सामने नाली में एक अधेड़ का शव मिलने से स्थानीय इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह जब लोग आना-जाना शुरू किया तभी लोगों की नजर नाली में पड़े एक व्यक्ति पर पड़ी जो की मृत्यु हो चुका था। इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को निकला गया. इसके बाद मृत युवक की पहचान में लगी हुई है ।

# नक्सलियों ने ली वाहनों में आग लगाने की जिम्मेदारी

**दंतेवाड़ा,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के भांसी थानाक्षेत्र में नक्सलियों ने डामर प्लांट में खड़ी 14 वाहनों को आग के हवाले किया था। अब इस घटना की जिम्मेदारी नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी ने ले ली है।पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी के सचिव मोहन ने प्रेसनोट जारी करते हुए आरोप लगाया है कि, दंतेवाड़ा बचेली सड़क के चौड़ीकरण करने का असली मकसद भांसी की डिपाजिट नम्बर 4 से लोहा खनन करना है। इसके लिए NCL कम्पनी की तरफ से सड़क बनाई जा रही थी। प्रेस नोट जारी कर बताया गया है कि, सालों से दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के ग्रामीण धुरली भांसी के मूल आदिवासी ग्रामीण डिपाजिट नम्बर 4 की खदान खनन करने के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। ग्राम सभा पेशा कानूनों को दरकिनार करते हुए केन्द्र राज्य सरकार कॉरपोरेट घरानों के हवाले खदान करने की फिराक में लगी हुई है। इसलिए इस घटना को अंजाम देना पड़ गया, NMDC, NCL कॉरपोरेट दलालों के मुनाफा के लिए स्थानीय आदिवासीयों को जल, जंगल, जमीन से बेदखल किया जा रहा है। जिसके खिलाफ हमारी पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी आमजन से आह्वान करके रोड चौड़ीकरण, डामरीकरण और रेल दोहरीकरण का विरोध कर रहे हैं।

# आदिवासी महिला के शव के 31 टुकड़े करने वाले गिरफ्तार

**जगदलपुर,28 नवंबर।** बस्तर की सीमा से लगे पड़ोसी राज्य ओडिशा के नवरंगपुर जिले में आदिवासी महिला की हत्या कर 31 टुकड़े करने वाले दंपति को गिरफ्तारकिया गया है। जानकारी के मुताबिक, रायघर पुलिस ने रविवार को नवरंगपुर जिले के गोना पंचायत के मुरूमडीही गांव में एक आदिवासी महिला की हत्या करने और उसके शरीर को टुकड़ों में काटने के मामले में मुख्य संदिग्ध चंद्र राउत और उसकी पत्नी सिया राउत को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने कहा कि, 27 वर्षीय चंद्र का बागबेड़ा गांव की पीड़िता तिलबती गोंड 21 वर्ष के साथ विवाह पूर्व से संबंध था। बुधवार को तिलबती मुरूमडीही स्थित चंद्र राउत के घर पहुंची और उससे शादी करने के लिए कहा। इसके बाद आरोपी चंद्र राउत व उसकी पत्नी ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों से काट दिया। आरोपी दंपत्ति ने सबूत मिटाने के लिए शव को टुकड़ों में काटने का भी प्रयास किया। आरोपियों ने सबूत मिटाने तिलाबती के शव के टुकड़ों को मुरूमडीही गांव के पास एक जंगल में दफना दिया। शनिवार को जंगल में खून के धब्बे मिलने के बाद पुलिस ने महिला के शव को कब्र से निकाला। मामले में आरोपी चंद्र व सिया को न्यायालय में पेश किया गया। इस मामले के बाद मृतका तिलाबती के परिवार के सदस्यों और बागबेड़ा के ग्रामीणों ने आरोपियों को फांसी देने की मांग करते हुए रायघर पुलिस स्टेशन पर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं परिजनों व बागबेड़ा के ग्रामीणों ने चन्द्र के घर के पिछे बाड़ी में तिलाबती के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हत्या के मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# संसद का शीतकालीन सत्र 4 से, कई अहम बिलों पर चर्चा

**नई दिल्ली,28 नवंबर।** संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत 4 दिसंबर से होगी, जो 22 दिसंबर तक जारी रहेगा। बता दें कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे 3 दिसंबर को आएंगे। इसी के बाद अगले दिन यानी कि 4 तारीख से सत्र शुरू होगा। सत्र शुरु होने से पहले संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी 2 दिसंबर को 11 बजे सर्वदलीय बैठक आयोजित करेंगे। इन बैठकों में कई अहम बिल सदन के सामने आने की संभावना है। इस बार 3 दिसंबर को पांच राज्यों के चुनाव नतीजों की घोषणा के मद्देनजर संसदीय सत्र से दो दिन पहले सभी दलों के साथ बैठक की जाएगी। तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ कैश-फॉर-क्वेरी आरोपों पर एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट भी इस सत्र में लोकसभा में पेश की जाएगी। पैनल द्वारा अनुशंसित बहिष्कार के प्रभावी होने से पहले रिपोर्ट को सदन द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिए। ये बैठकें 4 दिसंबर से 22 दिसंबर तक 15 बैठकों के साथ कुल 19 दिनों तक चलेंगी। इन बैठकों में महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाने की संभावना है। आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयकों पर चर्चा की जाएगी।

# दिल्ली में बारिश से प्रदूषण के स्तर में आई गिरावट

**नई दिल्ली ,28 नवंबर।** राष्ट्रीय राजधानी में बारिश से अस्थायी राहत मिली है क्योंकि प्रदूषण के स्तर में कमी आई है, लेकिन दिल्ली में वायु गुणवत्ता मंगलवार सुबह भी बहुत खराब श्रेणी में बनी रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से चार डिग्री अधिक है। इस बीच, मौसम वैज्ञानिकों ने मंगलवार को आमतौर पर बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना जताई है, जबकि अधिकतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

सोमवार को अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 24.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इसके अलावा, मंगलवार सुबह 8.30 बजे सापेक्ष आर्द्रता 96 प्रतिशत दर्ज की गई। आईएमडी के अनुसार, पिछले 24 घंटों में, राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार सुबह 8.30 बजे तक 7 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के कारण हवा की गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ लेकिन कई एक्यूआई निगरानी स्टेशनों पर यह अभी भी बहुत खराब श्रेणी में है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, आनंद विहार में पीएम 2.5 को 346 पर और पीएम 10 को 228 पर खराब श्रेणी में दर्ज किया गया, जबकि सीओ 57 पर संतोषजनक श्रेणी में पहुंच गया और एनओ2 41 यानी अच्छा था।बवाना स्टेशन पर पीएम 2.5 379 पर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया, जबकि पीएम 10 खराब श्रेणी में 245 पर पहुंच गया, जबकि सीओ 75 या संतोषजनक पर पहुंच गया।आया नगर में, पीएम 2.5 बहुत खराब श्रेणी में 328 पर पहुंच गया और पीएम 10 मध्यम श्रेणी में 183 पर था। सीओ को संतोषजनक श्रेणी के तहत 67 पर दर्ज किया गया था।हालांकि, द्वारका सेक्टर 8 में एक्यूआई मॉनिटरिंग स्टेशन ने पीएम 2.5 को 401 पर गंभीर श्रेणी में दर्ज किया, जबकि पीएम 10 को 268 या खराब स्तर पर और सीओ को 75 पर संतोषजनक स्तर पर दर्ज किया गया।

### खड़े ट्रक को ऑटो ने मारी टक्कर, महिला सहित तीन की मौत

**मुजफ्फरपुर ,28 नवंबर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के फकुली ओपी क्षेत्र में मंगलवार को तड़के एक खड़े ट्रक में एक ऑटो ने जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग सोनपुर से गंगा स्नान के बाद सीतामढ़ी लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, कार्तिक पूर्णिया के मौके पर सोनपुर से गंगा स्नान कर सीतामढ़ी के कुछ लोग एक ऑटो से वापस लौट रहे थे। इस दौरान फकुली ओपी क्षेत्र के बलिया ओवर ब्रिज के पास ऑटो पर से चालक का नियंत्रण हट गया और ऑटो खड़े एक ट्रक से जाकर टकरा गई।

# बेमौसम बारिश से हुआ जनजीवन प्रभावित किसानों के माथे पर दिखी चिंता की लकीरें

**कवर्धा,28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बेमौसम बारिश से न केवल जनजीवन प्रभावित हुआ है बल्कि किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। बारिश से धान और गन्ने की कटाई प्रभावित हुई है तो वहीं खेतों में पानी भरने से खड़ी फसलों के साथ साथ धान की कटी फसल पर भी काफी नुकसान पहुंचा है। बातचीत के दौरान कृषि विभाग द्वारा रबी की फसल चना और गेहूं के लिए यह बारिश अच्छी बताई जा रही है लेकिन अरहर को इससे काफी



नुक़सान होने की संभावना जताई जा रही है। साथ ही सब्जियों के फसल पर भी कीट प्रक्रोप बढ़ सकता है। आपको बता दें कि, जिले में गन्ना और धान की फसल अधिक होती है पिछले बार की बात करें तो 31 हजार से ज्यादा हेक्टेयर में गन्ना और तकरीबन 83 हजार हेक्टेयर में धान की फसल ली गई है।

### डेविस कप 2023, टेनिस के विश्व विजेता बनने की स्पर्धा में इटली सफल

jasclaudius@gmail.com

# नये प्रारूप से खेल को मिल गई है नई दिशा

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेल जगत की सबसे पुरानी प्रतियोगिता में से एक डेविस कप की शुरूवात वर्ष 1900 में हुई। इसको आरंभ करने का श्रेय ड्वाइट एफ. डेविस को जाता है। इस चैंपियनशिप के प्रारूप को दो बार बदला गया है। अब ग्रुप स्टेज और नाकआउट आधार पर डेविस कप विजेता का फैसला होता है। 16 टीम योग्यता हासिल करती है। 2022 के डेविस कप की दो टीम को सीधे प्रवेश दिया जाता है। इटली और स्पेन को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया। फरवरी 2023 में खेले गये योग्यता चक्र में 24 में से 12 टीम शामिल है। 2023 के लिए कनाडा, इटली, ग्रेट ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, चेक रिपब्लिक, सर्बिया, नीदरलैंड्स, फिनलैंड, चिली, स्वीडन, फ्रांस, स्वीट्जरलैंड, स्पेन, यूनाईटेड स्टेट्स और क्रोएशिया की टीम पहले दौर की विजेता रही। इसके पश्चात डेविस कप नये प्रारूप के अनुसार नाकआउट दौर के मैच खेले गये। 21 नवम्बर से क्वार्टर फायनल मैच आरंभ हुए इसमें फिनलैंड ने कनाडा को, आस्ट्रेलिया ने चेक रिपब्लिक को इटलीने नीदरलैंड्स को तथा सर्बिया ने ग्रेट ब्रिटेन को शिकस्त देकर सेमीफायनल में जगह बनाई। 24 नवंबर को खेले गये सेमीफायनल में आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को जबकि 25 नवंबर को इटली ने सर्बिया को पछाड़कर फायनल में स्थान प्राप्त किया। 2023 के डेविस कप का फायनल मुकाबला 26 नवंबर 2023 को मलागा में खेला गया जहां पर इटली ने आस्ट्रेलिया को परास्त करके 2023 के डेविस कप विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। लगभग




130 देशों के टेनिस संघ को मान्यता दी गई है। इटली ने 2023 में 1976 के पश्चात इस टाइटिल को अपने नाम किया है। उल्लेखनीय तथ्य यह है कि 1960, 1961 तथा 1977 के डेविस कप में इटली की टीम ने फायनल में जगह बनाई थी लेकिन तीनों ही बार उसे आस्ट्रेलियाई डेविस कप टीम के हाथों हार का सामना करना पड़ा। 2023 के फायनल के पहले मैच में इटली के मातेओ अर्नाल्डी ने आस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन को परास्त किया जबकि इटली के सिनर ने दूसरे एकल में आस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनार को पराजित करके 2-0 की अजेय बढ़त प्राप्त कर ली। आस्ट्रेलिया ने इसके पहले 28 बार इस चैंपियनशिप को जीता है। इसके पहले 2003 में वे विश्व विजेता बने थे। डेविस कप को भारत ने अब तक नहीं जीता है। भारत ने 1921 में पहली बार इस स्पर्धा में भाग लिया था। हमारी टीम ने अब तक 1966, 1974 तथा 1987 में तीन बार सेमीफायनल का सफर तय किया है। लिएंडर पेस, रामानाथन कृष्णन, महेश भूपति, विजय अमृतराज, प्रेमजीत लाल, जयदीप मुखर्जी, रमेश कृष्णन भारत के महान डेविस कप खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। टेनिस को भारत में इन दिनों लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। रायपुर में एक टेनिस एकादमी की स्थापना की गई है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा उपलब्ध है तथा अकादमी के खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन की उपयुक्त व्यवस्था की गई है।

# 50 के हो गए हो, यार खोज लो अकेलापन तंग कर रहा होगा

### राहुल गांधी से बोले असदुद्दीन ओवैसी

**हैदराबाद,28 नवंबर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चेतावनी जारी की है। उन्होंने कहा कि परेशान करने वाले को हम छोड़ते नहीं हैं। खबर है कि राहुल ने ओवैसी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यार बता दिया था। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में मतदान में सिर्फ दो दिनों का समय बाकी है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, राहुल गांधी बोलने से पहले सोचा करो। आप 50 के पार हो गए हैं। आपको अकेलापन परेशान कर रहा होगा। आपका फैसला है। हम किसी की भी जिंदगी में दखल नहीं देते हैं। हम किसी को भी परेशान नहीं करते हैं, लेकिन अगर कोई हमें परेशान करता है तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं। उन्होंने कहा, 50 साल के आप हो गए हैं। आपके दिमाग और जुबान पर जो यार यार आ रहा है न, वो कमी आप में है। ढूंढ लो किसी को।



25 नवंबर को एक जनसभा के दौरान राहुल ने AIMIM के साथ-साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर भी निशाना साधा था। कांग्रेस सांसद ने AIMIM और भारत राष्ट्र समिति को भारतीय जनता पार्टी का साथी बताया था। उन्होंने कहा था, मोदी जी के हैं दो यार, ओवैसी और केसीआर। उन्होंने कहा था, केसीआर चाहते हैं कि मोदी पीएम बने रहे, मोदी चाहते हैं कि केसीआर सीएम बने रहें।

# कार्तिक पूर्णिमा पर शिवनाथ तट पर लगा मेला हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 28 नवंबर।** हिन्दू धर्म की पवित्र तिथि कार्तिक पूर्णिमा पर सोमवार को दुर्ग की गंगा शिवनाथ नदी में हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। सुबह ब्रह्ममुहुर्त पर शिवनाथ में हजारों लोगों ने स्नान कर देवों के ना दीपदान किया। इस दौरान नदी तट पर मेले जैसा माहौल दिखा। नदी तट पर भीड़ ऐसी कि लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिल रही थी। स्नान के बीच तट पर ढोल बाजे की गूंज व आतिशबाजी का अद्भुत नजारा भी देखने को मिला। दीपदान के बाद नदी पर दोनों ओर स्थित शिवालयों में जल चढ़ाने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हिन्दू पंचाग में कातिक मास का विशेष महत्व होता है। इस महीने विभिन्न पर्व मनाए जाते हैं। एक तरह से कार्तिक मास त्योहारों का महीना भी माना जाता है। मान्यता है कि देवउठनी एकादशी के बाद से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक देवता पांच दिन का उत्सव मनाते हैं। देव उठनी एकादशी के दिन क्षीरसागर में भगवान विष्णु लंबी निद्रा के बाद जागे थे और पूर्णिमा के दिन वे देवलोक पहुंचते हैं। जहां उनके आगमन पर सभी देवी. देवताओं ने दीपमाला जलाकर उनका स्वागत किया था। इसलिए कार्तिक पूर्णिमा को देव दीपावली भी कहा जाता है। पवित्र नदियों में आज के दिन स्नान करने से उत्तम फल की प्राप्ति होती है। शिवनाथ नदी के साथ तालाबों में हुआ दीपदान कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर द्विन सिटी दुर्ग-भिलाई में उत्सव सा माहौल दिखा। अल सुबह 3 बजे से ही लोग शिवनाथ नदी के लिए रवाना होने लगे। सूरज निकलने से पहले स्नान व दीपदान को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह नजर आया। शिवनाथ नदी के अलावा दुर्ग जिले में बहने वाली खारुण नदी तट पर भी देव दीपावली की सुबह दीपदान हुआ। नदी के साथ ही शहर के विभिन्न तालाबों में भी देवों के नाम पर दीपदान किया गया। शिवनाथ नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा के पुण्य स्नान को लेकर होने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### गातापार लोक महोत्सव 6 से

**अंवरी, 28 नवंबर।** ग्राम गातापार में लोक महोत्सव 6 जनवरी से 7 जनवरी तक जिसमें विभिन्न मंडली जो मंच को गुंजायमान करेगी जिसमें जय छत्तीसगढ़ महतारी फाग मंडली बगदेही धमतरी, आदर्श नवयुवक फाग मंडली पड़कीभाट , जय मां दंतेश्वरी रामधूनी मंडली आमदी धमतरी , बाल समाज पूरन जस झांकी परिवार इन्दिरा चौक गातापार धमतरी, जय सदोहर राउत बाबा नरसिंहनाथ जस झांकी परिवार अण्डा दुर्ग, झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी, जय मां शीतला पूरन जस झांकी परिवार कुम्ही बेरला ,जय मां संतोषी जस झांकी परिवार तरौद बालोद, ज्योति विद्या जस झांकी परिवार फिंगेश्वरी गरियाबंद, कोरवा कुबरा छ ग.नाचा पार्टी सुवरबोड बालोद ,भारत दर्शन जस झांकी परिवार भिंभौरी बेमेतरा ,पूजा आदि थे।

## एक नजर

### निजी स्कूलों में घर में बना हुआ स्वेटर पहनकर नही जा पाते है बच्चे

कवर्धा, 28 नवंबर। कई निजी स्कूलों में बच्चे घर में बना हुआ स्वेटर पहनकर नही जाते हुए दिखे । तरुण छत्तीसगढ़ ने सवाल किया की ठंड बहुत बढ़ी हुई है लेकिन स्वेटर क्यो नही पहने हो । बच्चे ने कहा की स्कूल में जैसा स्वेटर पहनने का है वैसे स्वेटर घर में नही बने है । जिला प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए की जिससे बच्चे घर में बना हुआ कोई भी स्वेटर पहन कर स्कूल जाए ।

### शराब के लिए पैसा नहीं देने पर की मारपीट



**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई दुर्ग सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र दो युवकों शराब पीने लिए पैसे की मांग की, मना करने पर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित युवकों की तलाश की एक आरोपित घटना के दिन पकड़ा गया, दूसरा युवक फरार था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि पंचशील नगर दुर्ग निवासी विशाल सिंह ने दुर्ग सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपित गगन व पाजी सरदार ने उससे शराब पीने के लिए पैसे की मांग की पैसा नहीं होने की बात कहने पर दोनों ने गाली-गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट की पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की तलाश की एसटीएफ बघेरा निवासी पाजी सरदार घटना के दिन ही पकड़ा गया जबकि इसी कालोनी का निवासी गगन बिहारी फरार हो गया था पुलिस लगातार उसकी तलाश क थी।

### घर का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही है जिसे पुलिस नहीं रोक पा रही है चोरी करने वाले आरोपी कैश और सोना पुलिस पेट्रोलिंग में हो रही है लापरवाही चांदी के जेवरात पार कर रहें है शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस ने बताया कि साकेत कालोनी दुर्ग निवासी पुरूषोत्तम जयंत चौधरी परिवार समेत शादी के कार्यक्रम मे शामिल होने गुवाहाटी असम गए है मकान के देख रेख का जिम्मा वार्ड 24 न्यू दीपक नगर दुर्ग निवासी उनके भाई पुरुषोत्तम व्यंकटेश्वर चौधरी करते है सुबह कामवाली बाई आई और बाहर गेट का दरवाजा खोलकर भीतर गई तो मकान का ताला टूटा पड़ा मिला चेक करने पर मकान से दो लोहे का आलमारी से सोना चांदी के जेवरात, लैपटापस, नगदी 4 हजार रुपए गायब मिला सामानों की कीमत 35 हजार रुपये आंकी गई है इस घटना से पूर्व थाना क्षेत्र में अब तक आधा दर्जन मकान का ताला टूट चुका है लगातार हो रही मोहन नगर थाना क्षेत्र के चोरी की वारदात में पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था खराब होने से इस तरह का घटना हो रही है।

### मतगणना के लिए अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर का अनुमोदन

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना हेतु अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर का अनुमोदन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन के लिए सहायक नियंत्रक, नापतौल विभाग दुर्ग, उप संचालक उद्यानिकी दुर्ग, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम रिसाली एवं संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 दुर्ग ग्रामीण के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन, सहायक श्रमायुक्त दुर्ग, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग दुर्ग एवं सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64 दुर्ग शहर के लिए रोजगार अधिकारी दुर्ग, कार्यपालन अभियंता तांदुला जल संसाधन दुर्ग, प्राचार्य आईटीआई भिलाई एवं सहायक अभियंता नगर पालिक निगम दुर्ग, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 65 भिलाई नगर के लिए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अंत्यावसायी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दुर्ग, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशाली नगर के लिए सहायक आयुक्त राज्यकर वृत्त 1 दुर्ग, कार्यपालन अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग, कार्यपालन अभियंता, कार्यालय अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग एवं परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना पाटन तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 67 अहिवारा के लिए सहायक आयुक्त राज्यकर वृत्त 1 दुर्ग, उप संचालक औद्योगिक एवं सुरक्षा दुर्ग, सहायक अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई एवं सहायक संचालक कृषि दुर्ग को अतिरिक्त रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है।

### गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व में शामिल हुए धीरज बाकलीवाल महापौर ने श्री गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर शहर व प्रदेश की खुशहाली की कामना

**दुर्ग।** गुरुनानक जयंती के अवसर पर महापौर धीरज बाकलीवाल श्री गुरु नानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व पर स्टेशन रोड स्थित गुरूसिंग सभा गुरुद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री गुरुनानक जयंती के अवसर पर सभी भक्तो के साथ लाइन में रहकर महापौर धीरज बाकलीवाल ने गुरूग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने सिख समाज के सेवा भाव की प्रशंसा की।उन्होंने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए बड़ा पवित्र दिन है।आज इस विशेष अवसर पर देश व दुनिया मे केवल सिख समाज बल्कि अन्य समाज के लोग भी गुरुद्वारा में आते है और मत्था टेकते है।श्री गुरुनानक जी का आशीर्वाद लेते है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा देश व धर्म को बचाने के लिए सिख गुरुओं ने बलिदान दिया।

इस अवसर पर महापौर ने सभी को श्री गुरुनानक देव के 554वें प्रकाश पर्व पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर संदीप वोरा,संजय कोहले,फतेह सिंह भाटिया,अरविंदर खुराना,मनदीप सिंह भाटिया,विकास यादव के अलावा इंदरपाल भाटिया मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जयंती पूरे मानवता का प्रकाश पर्व है। गुरूनानक जी ने संदेश दिया कि पूरे संपूर्ण जगत का स्वामी एक है, सभी उसी के बंदे हैं।खालसा पंथ की सबसे बड़ी विशेषता है सेवा। सिख समाज पूरे विश्व में सेवा कार्यों के नाम से जाना जाता है।उन्होंने लंगर में शामिल होकर सभी के साथ मिलके प्रसाद ग्रहण किया।साथ ही सिख समाज के पदाधिकारियों ने महापौर और उनके साथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया।





## गुरुनानक जयंती पर गुरुद्वारों में गूंजी गुरुवाणी, लंगर ग्रहण करने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**दुर्ग ।** सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव जी की 554वीं जयंती सोमवार को शहर में सिक्ख समाज ने पूरे उत्साह के साथ मनाई। इस अवसर पर स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारा में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। जहां सुबह से ही गुरुग्रंथ साहेब के दर्शन के लिए सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों की कतारें लगी रही। अखंड पाठ की समाप्ति उपरांत हुजूरी रागी जत्था द्वारा भजन-कीर्तन के माध्यम से गुरुनानक देव जी के मानवता के संदेशों को दोहराया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, महापौर धीरज बाकलीवाल, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजकुमार नारायणी, युवा कांग्रेस नेता संदीप वोरा, सुमीत वोरा के अलावा कांग्रेस,भाजपा व अन्य राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि दर्शन के लिए गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने मत्था टेककर गुरूनानक देव जी से प्रदेश की सुख-समृद्धि के लिए कामना की और सिक्ख समाज के लोगों को गुरूनानक देव जी की जयंती की बधाई दी। दोपहर में गुरुद्वारा में गुरू के अटुट लंगर का आयोजन किया गया। जिसमें सिक्ख समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने लंगर ग्रहण कर पुण्यलाभ प्राप्त किया। जयंती समारोह में गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा के प्रधान अरविंदर सिंह खुराना, महासचिव दलप्रीत सिंह भाटिया, जितेंदर सिंह,सुखदेव सिंह (राजू),प्रिंस कब्बरवाल, गुरविंदर सिंह, जितेन्द्र सिंह,अवतार सिंह रंधावा,हरविंदर सिंह, सुरेन्दर सिंह कब्बरवाल,गुरदीप सिंह (राजा),संदीप सिंह कोंडल, सतनाम कौर विरदी, मनिंदर सिंह, राजेन्दर पाल अरोरा,खालसा एजुकेशन सोसायटी के सचिव गुलबीर सिंह भाटिया,खालसा स्कूल मैनेजमेंट अध्यक्ष राजेन्द्र पाल सिंह भाटिया,सचिव हरमीत सिंह भाटिया,तरसेम सिंह ढिल्लन,कुलवंत सिंह भाटिया, भाजपा नेता सतविंदर सिंह,एमआईसी सदस्य मनदीप सिंह भाटिया,पूर्व पार्षद फत्तेसिंह भाटिया,गुरुदीप सिंह भाटिया, महेन्द्र सिंह खालसा,राजू भाटिया, वृंदावन रेस्टारेंट पुलगांव के संचालक बिट्टू अरोरा, इंदरजीत सिंह भाटिया, देवेन्दर सिंह भाटिया, भूपेन्दर सिंह, राजेन्दर सिंह, रिमपाल सिंह,जसपाल सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## शादी-पार्टियों के शुरू होते ही बढ़ी वारदात की आशंका

**भिलाई।** देवउठनी एकादशी के बाद शादी पार्टियों के शुरू होने के साथ ही भिलाई -दुर्ग में सांसी गिरोह के दस्तक की संभावना बढ़ गई है। यह गिरोह शादी समारोह में सूट बूट में मेहमान बनकर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। स्टेज में नगद व जेवर से भरे बैग सहित वर-वधु को उपहार में मिले लिफाफे सांसी गिरोह के सदस्यों के निशाने पर होते हैं। इस गिरोह के द्वारा पूर्व में अंजाम दिए गए वारदातों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। शादियों के शुरू होते ही फिर से पेशेवर सांसी गिरोह के वारदात की आशंका से इंकार नहीं किया जा रहा है। 23 नवंबर को देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह के बाद शादियों का सीजन शुरू हो गया है। इसके साथ ही सूट बूट वाले सांसी गिरोह का खतरा भी बना हुआ है। इस गिरोह के सदस्य होटल और बड़े मांगलिक भवनों में आयोजित होने वाली शादी के बड़े कार्यक्रमों में अच्छे कपड़े पहनकर जाते हैं और मौका देखकर गहने या गिफ्ट चुराकर निकल जाते हैं। हाल के वर्षो के दौरान भिलाई-दुर्ग में कई शादियों में इस तरह की वारदातें हो चुकी हैं। गिरोह में कई सदस्य होते हैं और अलग-अलग तरीके से शादी के कार्यक्रम में शामिल होते हैं। शहर में शादी के कार्यक्रमों का आयोजन शुरु होने के साथ ही मध्यप्रदेश का सांसी गिरोह सक्रिय रहता है। गिरोह में महिला-पुरुष मिलकर निकलते हैं। होटल या अन्य स्थानों पर आयोजित शादी के कार्यक्रम में मेहमान बनकर शामिल हो जाते हैं। इस दौरान सूट या अन्य अच्छे कपड़े पहन लेते हैं। अपना हुलिया ऐसा बनाते हैं कि वर या वधु पक्ष के लोग उन्हें मेहमान समझकर उनकी गतिविधियों पर ध्यान नहीं देते हैं। इसी का फायदा उठाकर दूल्हा-दुल्हन के आसपास मंडराते रहते हैं और उनके गिफ्ट या गहनों पर नजर रखते हैं। मौका मिलते ही गिरोह के सदस्य वारदात को अंजाम देकर भाग निकलते हैं। गौरतलब रहे कि हाल के वर्षो में भिलाई-3 के मंगल भवन सहित सुपेला क्षेत्र के एक निजी होटल और रिसाली के मांगलिक भवन में एक किशोरवय युवक ने चल रही शादी पार्टी में शामिल होकर लाखों के गहने व उपहार में मिले रुपए से भरे लिफाफे उड़ा लिए थे। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में युवक की करतूत कैद होने के बावजूद आज तक पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी। जिस तरीके से इन वारदातों को अंजाम दिया गया था उसे देखते हुए पुलिस के जानकार अधिकारियों ने सांसी गिरोह पर शंका जताया था। इस गिरोह का मूल निवास मध्यप्रदेश के राजस्थान सीमा से लगे जिलों में होना बताया जाता है। वहीं गिरोह के महिला व पुरुष सदस्य शादी पार्टी में वारदात को अंजाम देने छोटे बच्चों का इस्तेमाल करते हैं। गिरोह के सदस्य दूल्हा.दुल्हन के आसपास मंडराते रहते हैं और उनके गिफ्ट या गहनों पर नजर रखते हैं। मौका मिलते ही गिरोह के सदस्य वारदात को अंजाम देकर भाग निकलते हैं।

### जात-पात, ऊंच-नीच,भेद-भाव का फर्क मिटाया

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री बदरूदीन कुरैशी ने देश के समस्त सिख भाईयों एवं बहनों, बुजुर्गों को गुरू नानक देवजी की 554 वीं जयंती के अवसर पर लख-लख बधाईयां देते हुये कहा कि गुरूनानक देव जी ने दुनिया को संदेश दिया जात-पात ऊंच-नीच, भेद-भाव को मिटाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए। इंसानियत के नाम पर लोगों को एकता के सूत्र में बांधने के लिए उपदेश दिए गुरूनानक साहब ने समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का काम किया था और इसी वजह से उनकी जयंती हर साल प्रकाश पर्व के रूप में कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है गुरू नानक देव जी की मां का नाम तृप्ता और पिता जी का नाम कल्याण चंद था नानक साहिब का जन्म 15 अप्रैल 1469 को पंजाब के तलवंडी में हुआ था हर साल कार्तिक पूर्णिमा पर गुरू नानक जयंती मनायी जाती है।

000000000000

**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना, चांदी के सामान लेकर फरार हो गया शिकायत पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर 4 सडक 10 क्वाटर नंबर 11/एफ निवासी जी लक्ष्मी नारायण अपने परिवार के साथ मकान में ताला जड़कर शादी में गृह ग्राम आंध्राप्रदेश गया था मामा एल पुनैय्या पीड़ित के घर जाने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला गृह ग्राम लौटने पर अलमारी से सोने का सिक्का, बाली व टाप्स 7 जोडी, अंगुठी 4, लाकेट, चैन, चांदी की पायल, नकदी रकम पार कर दिया।

### युवक पर हमला करने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 28 नवंबर।** भिलाई आरोपित युवक ने पहले एक युवक की मोटर साइकिल को टक्कर पीटा जान से मारने के इरादे से उस पर चाकू व अन्य धारदार हथियार से हमला किया युवक को गंभीर स्थिति में छोड़कर भाग निकला पुलिस ने घटना के एक पखवाड़े बाद को भानुप्रतापपुर से गिरफ्तार किया है घटना आठ नवंबर की है पदमनाभपुर टीआई अनिल साहू ने बताया कि सुभाष नगर दुर्ग निवासी प्रवीण श्रीवास्तव ने पदमनाभपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना की रात उसका छोटा भाई सिद्धार्थ श्रीवास्तव अपनी मोटर साइकिल से अपने दोस्त मुकेश साहू व राजा देवांगन के साथ अपने घर सुभाष नगर आ रहा था तभी आरोपित मनीष जसवानी अपने अन्य साथियों के साथ कार सीजी 10-एमजे-0101 से आया और सिद्धार्थ श्रीवास्तव की मोटर साइकिल को टक्कर मारकर गिरा दिया मनीष व उसके दोस्त सिद्धार्थ को मारने के लिए दौड़ने लगे सिद्धार्थ अपनी मोटर साइकिल को छोड़कर भागते हुए राजेंद्र पार्क के पास पहुंचा आरोपित युवकों ने सिद्धार्थ को वहां घेर लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, चाकू व स्टील की पाइप से मारपीट कर भाग निकले गंभीर रूप से घायल सिद्धार्थ श्रीवास्तव को इलाज के लिए शासकीय अस्पताल दुर्ग में भर्ती कराया गया था पुलिस ने मामले में धारा 307, 34 प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू की कादंबरी कालोनी निवासी मनीष जसवानी ( 29 ) को पुलिस ने भानुप्रतापपुर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में फरार अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है इस कार्रवाई में पदमनाभपुर थाना प्रधान आरक्षक मोहनलाल साहू, आरक्षक किशोर सोनी, भरथरी निषाद, आरक्षक प्रशांत पाटणकर, मुकेश पसीने की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

## संगम में लगे नदिया पुन्नी मड़ई में उमड़े श्रद्धालुओं का सैलाब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 28 नवंबर।** तीर्थ के राजा प्रयाग नगरी के त्रिवेणी संगम पर कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर लगने वाले नदियां पुन्नी मड़ई में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा था। शाम होते-होते तक तो मड़ई स्थल में धक्का मुक्की तक होती रही। मड़ई के प्रति लोगों में उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी। संगम की रेत पर तरह-तरह की दुकान सजे हुए थे। इसमें खिलौने और खाद्य पदार्थ की दुकान सबसे ज्यादा थी। होटल का भजिया, आलू गुंडा, समोसा, बड़ा लोग चाव से खा रहे थे। बच्चें और महिलाओं की सबसे ज्यादा पसंदीदा गुपचुप खाने के लिए प्लेट लेकर खड़े हुए थे और जैसे ही उन्हें मुंह में डालते मुंह पैक जाता। खट्टी मीठी गुपचुप और चाट ने चटपटा कर दिया। शाम होने से पहले पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ मड़ई लेकर यादवों की टोली आया। दोहा लगाते हुए मधुर धुन पर पांव थिरक रहे थे। आकर्षक वेशभूषा के साथ देखते ही बन रही थी। मंदिर में सुबह 4ः00 बजे से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई थी। अपने साथ में नारियल तथा पूजा के सामग्री और जल लेकर परिवार सहित पहुंचे हुए थे। नदी में पानी का ठेलान होने के कारण लक्ष्मण झूला के माध्यम से ही लोग मंदिर तक पहुंचे। जैसे ही कुलेश्वर नाथ महादेव मंदिर के पास आए, वहां पर मंदिर जाने के मार्ग को बंद कर दिया गया था। लक्ष्मण झूला चढ़कर राजिम की ओर से आने वाले लोगों को बेलाही घाट तक जाना पड़ रहा था। वहां से उतर कर नीचे से होकर मंदिर पहुंचे। सुबह से लेकर रात 8ः00 बजे तक लाखों श्रद्धालु लक्ष्मण झूला के माध्यम से मंदिर में पहुंचे और दर्शन पूजन किया। इधर धमतरी, गरियाबंद, रायपुर तीनों जिला के अलावा अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे जिसके चलते मंदिरों में भीड़ ज्यादा रही। घंटियां की झंकार तथा हर हर महादेव और राजीवलोचन की जयकारा से पूरा संगम क्षेत्र गूंज उठा। नदी में शुद्ध पानी की तलाश में स्नान करने वाले लोग भटकते रहे। अंततः जैसा पानी दिखा वैसा स्नान किया। बताना जरूरी है कि संगम में पानी की धार नहीं चल रहा है बल्कि रुका हुआ पानी है जिस पर ही श्रद्धालु डुबकी लगाते रहे। अलग-अलग झुंड में लोग स्नान किया। पिछले तीन-चार दिनों से संगम को शुद्ध करने तथा शुद्ध पानी की व्यवस्था करने की मांग नगरवासियों के द्वारा किया जाता रहा हैं, परंतु किसी ने ध्यान नहीं दिया। मजबूरी में ही सारे धार्मिक अनुष्ठान नदी की रेत में ही करने पड़े। त्रिवेणी संगम में कार्तिक पूर्णिमा स्नान की अपनी अलग महत्व है। पूरे कार्तिक मास तक स्नान करने वाले श्रद्धालुओं ने सुबह से ही नदी में स्नान किया तथा दीपदान किया और रेत से शिवलिंग बनाकर पूजा अर्चना किया। प्राचीन मान्यता के अनुसार त्रेता युग में देवी सीता वनवास काल के दौरान लोमस ऋषि से मिलने के लिए नदी मार्ग से होते हुए त्रिवेणी संगम पहुंचे थे। उन्होंने स्नान कर रेत से शिवलिंग बनाकर अपने कुल की आराध्य देवता पर जल अभिषेक किया था तब से यह कुलेश्वरनाथ महादेव कहलने लगा। इसी समय से त्रिवेणी संगम तथा आसपास के क्षेत्र में रेत से शिवलिंग बनाने की परंपरा चल पड़ी है।

### परिवार सहित बैठकर नदी में खाने का उठाया लुफ्त

भगवान कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर के दाहिने तरफ लोग चटाई लेकर नदी की रेत में बैठे हुए थे और परिवार सहित मिलकर भोजन का आनंद उठा रहे थे। भोजन कम हो जाता तो होटल से जाकर खाद्य सामग्री ले आते। साल भर में ऐसा पहला दृश्य है जो सबको रोमांचित कर देता है। बच्चे रबड़ वाली कूदने की झूला का लुफ्त तो उठा रहे थे। मड़ई में अपने सगे संबंधियों से मेलजोल भी होता रहा। इस बात मेले में लगाई दुकान पर अच्छी खरीदारी होने से व्यापारियों के चेहरे पर खुशी की चमक देखी जा रही थी। मिठाई समेत अन्य सामान रखे हुए विक्रेता अच्छा फील कर रहे थे।

### कार्तिक पूर्णिमा पर हरि और हर ने धरा आकर्षक स्वरूप

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर भगवान पंचमुखी कुलेश्वरनाथ महादेव को शानदार पुष्प से सजाया गया था तरह-तरह की पुष्पों का उपयोग कर आकर्षक लुक दिया गया था जो देखते ही बन रही थी। मंदिर के चौराहे पर रस्सी लगाकर अलग-अलग कई लाइन लगाई गई थी जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में सरलता हो रही थी। भगवान राजीवलोचन मंदिर में बड़ी भीड़ थी। भगवान राजीव लोचन को शानदार श्रृंगार किया गया था। सिर पर मुकुट, कान में कुंडल, गले में हार, वस्त्र भूषण तथा फूलों से प्रतिमा की छवि देखते ही बढ़ रही थी।

एक नजर

## जैन समाज का चातुर्मास सम्पन्न

**रायपुर,28 नवंबर।** इस वर्ष जैन समाज का चातुर्मास पांच महीने का था जो रविवार को सम्पन्न हुआ उस दिन भाइयों और बहनों ने सायंकालीन चौमासी प्रतिक्रमण कर सभी जीवों से 'खामेमि सव्वे जीवा, सव्वे जीवा खमन्तु मे' कहकर क्षमायाचना की। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा नेदी। बरलोटा ने बताया कि पांच माह व्यतीत कर सभी संतों एवं साध्वियों ने अपने-अपने चातुर्मास स्थल से विहार भी कर दिया।

## इंडियन स्पेस रेगुलेटर से मंजूरी प्राप्त करने वाला पहला संगठन बना वन वेब इंडिया

**रायपुर,28 नवंबर।** वनवेब इंडिया को आज भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं लॉन्च करने के लिए इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर से आवश्यक अधिकार प्राप्त हो गए हैं। वनवेब इंडिया यह अधिकार प्राप्त करने वाला पहला संगठन है। लो-अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) ऑपरेटर, यूटेलसैट वनवेब, यूटेलसैट ग्रुप का हिस्सा है। इंडियन नेशनल स्पेस प्रोमोशन एंड ऑथोराइजेशन सेंटर भारत सरकार की एक एजेंसी है, जो देश में अंतरिक्ष गतिविधियों को विनियमित करने और इनके संचालन के लिए अधिकार देने के लिए जिम्मेदार है। उपरोक्त मंजूरी का मतलब है कि यूटेलसैट वनवेब सरकार द्वारा स्पेक्ट्रम आवंटन होते ही सेवाएं शुरू करने में सक्षम है। भारती ग्रुप के चेयरमैन और यूटेलसैट ग्रुप के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के वाइस-प्रेजिडेंट (को-चेयर) सुनील भारती मित्तल ने कहा- ÷हमें भारत में यूटेलसैट वनवेब उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवाओं को लॉन्च करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष नियामक से हरी झंडी पाकर अत्यंत खुशी हो रही है। यह सभी के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने की भारत की महत्वाकांक्षा को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा और माननीय प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण को क्रियान्वित करेगा। यूटेलसैट वनवेब वाणिज्यिक सेवाओं को लॉन्च करने के लिए अंतिम स्पेक्ट्रम ऑथोराइजेशन प्राप्त होते ही काम शुरू करने के लिए तैयार है।

## मल्हार में अवैध शराब बेचते एक गिरफ्तार

**बिलासपुर, 29 नवंबर।** निजात अभियान के तहत मल्हार पुलिस ने शराब कि अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 29 पाव देशी शराब जब्त की गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मल्हार पुलिस को सूचना मिली कि मल्हार तालाब के पास एक व्यक्ति के बिक्री करने शराब रखा हुआ है। जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी।

महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने किया डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर का सम्मान

# मुम्बई के राजभवन में कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा बिखेरी



रायपुर ,28 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुंबई के राजभवन में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश एवं आंध्र प्रदेश के कलाकारों को आमंत्रित किया गया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के माध्यम से दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र द्वारा राजभवन में कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेश बैस जी रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को भारत के कोने-कोने में पहुंचाने एवं प्रस्तुत करने के लिए छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ लोक कलाकार डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर को राज्यपाल रमेश बैस जी ने सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कलाकार राकेश तिवारी, चित्रोत्पला लोक कला परिषद के संयोजन में डॉ.पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ी लोककला की विविध शैलियों की प्रस्तुति दी गई कार्यक्रम की शुरुआत मुंबा देवी पर आधारित जस गीत से हुई, इसके बाद क्रमशः करमा नृत्य गीत, नाचा, गौरा गौरी गीत, राउत नाचा, पंथी नृत्य गीत, सुराजी गीत, सुआ गीत और इस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए गीत- मैं छत्तीसगढ़ ले आए हंव गा, दया माया ल मोटरा मा बांध के लाए हंव.. जैसे गीत की प्रस्तुति से दर्शक झूम उठे सभी प्रस्तुतियां शानदार रही और कलाकारों ने दर्शकों की वाहवाही बटोरी।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मूल निवासी जो मुंबई में निवासरत है वह बड़ी संख्या में इसमें शामिल हुए इसमें फिल्म व टीवी सीरियल से जुड़े अलग-अलग क्षेत्र के लोग शामिल रहे दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता सुमन तलवार, अशोक मिश्रा, जयंत देशमुख, शंकर सचदेव, राहुल तिवारी, रजत तिवारी, अग्निमित्र शर्मा, बी आर साहू, प्रवीण पचकोर, श्रीकांत पांडे, डॉक्टर संगीता देशमुख, केतन, अरुण वर्मा, लता वर्मा, विजय तिवारी, आर्यन तिवारी, गीतांजलि देशमुख, दिलीप सुराना, लालमणि शर्मा, विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रस्तुत करने वाले कलाकार राकेश तिवारी, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, रोहित साहू, संध्या पड़ौती, सरिता ठाकुर, ज्योति बंजारे, पुनेश्वरी बारले, पवन बंजारे, बाहरू यादव, अनिल निषाद, नंदकिशोर साहू, मनसा बंजारे, आदि कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुति दी इस अवसर पर सभी आमंत्रित लोगों के लिए छत्तीसगढ़ी भोजन तैयार किए गए।

# व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के मैच प्रारंभ

राजनांदगांव ■ तरुण छत्तीसगढ़



बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के मैचेस आज से प्रारंभ हो गये। 27 नवंबर से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुषों की प्रतियोगिता में मेजबान छत्तीसगढ़ टीम सहित 11 टीमें भाग ले रही है। यह प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट पद्धति से खेली जा रही है। आज प्रातः खेले गए मेचेस में तेलंगाना ने जम्मू-कश्मीर को, कर्नाटक ने गुजरात को, महाराष्ट्र ने बिहार को, तमिलनाडु ने मेजबान छत्तीसगढ़ को पंजाब ने मणिपुर को परास्त किया। शाम को खेले गये मैचेस में तमिलनाडु ने जम्मू-कश्मीर को, पंजाब ने गुजरात को, तेलंगाना ने छत्तीसगढ़ को, कर्नाटक ने मणिपुर को परास्त किया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी एवं प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि दो चरणों में आयोजित इस प्रतियोगिता पहले चरण में 23 से 25 नवंबर तक महिलाओं की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । इन खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था दिग्विजय स्टेडियम एवं साई हॉस्टल एवं कुछ टीमें विभिन्न हॉटेल्स में कई गई थी.

इस प्रतियोगिता में लगभग 120 महिला एवं 150 पुरूष खिलाड़ियों तथा आफिसियल्स के भाग ले रहे है। राजनांदगांव में व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली राष्ट्रीय प्रतियोगिता पहली बार आयोजित की जा रही है। इसके पूर्व भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर राजनांदगांव में आयोजित किया गया था।इस प्रतियोगिता हेतु व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव लुईस जार्ज, अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक वरूण एहलावत, श्रीमती सुवर्णा लिमये सहित अंतर्राष्ट्रीय रेफरी भी भाग ले रहें है। सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन सचिव सुनिल गोलछा ने बताया कि इस प्रतियोगिता से भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का चयन भी किया गया है । भारतीय महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी राजनांदगांव में आयोजित होगा। श्री गोलछा ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन के स्पांसर, दिल्ली पब्लिक स्कूल एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

## नगर पंचायत भखारा में मितानिनो का सम्मान

**अंवरी,28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पंचायत भखारा के सभा हाल मे मितानिनो का साल साड़ी श्री फल भेंट कर सम्मान किया गया 7 नगर पंचायत भखारा में 15 मितानिन बहने एवं तीन एम टी कार्यरत है। सभा को संबोदित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष पुष्पलता रामगोपाल देवांगन ने कहा की मितानिन बहने



अपने अपने दलों में जाकर गर्भवती माताओं एवं नवजात शिशुओ की सूची तैयार करके उनके लिए आवश्यक पोषण आहार प्रदान करना गर्भवती माताओं का नियमित जाँच, प्रसव के लिए , अस्पताल ले जाना प्रसव के बाद नवजात शिशु का देखरेख करना टिकाकरण के लिए प्रेरित करना। इसके अलावा कुछ रोग, पीलिया, कुपोषण, फाइलेरिया आदि बीमारियों की , आवश्यक जाँच एवं जानकारी देना जैसे कार्य करती है इनके कार्यो को भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम को डी सी मैडम, बर्मन जी, पार्षद भारती साहू, सुशीला निर्मलकर, मोंगरा साहू, आदि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन झम्मन रामायणी एवं आभार व्यक्त पुष्पा साहू ने किया।

## कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया संविधान की उद्देशिका का वाचन

**गरियाबंद ,28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर में 26 नवम्बर को संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. सी.आर. नेताम एवं एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया। अधिष्ठाता डॉ. नेताम ने संविधान के बारे में संक्षिप्त जानकारी देकर संविधान की प्रस्तावना / उद्देशिका का वाचन करवाया।




उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमारे देश के विकास और समृध्दि के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसे बनाए रखना एक अनिवार्य कदम है। यह कार्यक्रम भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम के प्रति समर्पित बनाने का एक आवश्यक कदम है। रा.से.यो. प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर ने संविधान की महत्ता एवं मौलिक अधिकार के बारे में बताया । संविधान दिवस के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया। प्रथम वर्ष के छात्र राजकुमार मधुकर ने संविधान दिवस पर भाषण दिया। इस कार्यक्रम को डॉ. कुंतल सत्कार, डॉ. सुमन रावते, डॉ. सत्येन्द्र पाटले, डॉ. देवेन्द्र कुमार देवांगन, डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. लेखराम वर्मा, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. पायल जयसवाल, डॉ. अशोक कुमार कोसरिया, डॉ. सौरभ पद्मशाली, डॉ. गिरीजेश शर्मा, विभा चंद्राकर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से सुचारू रूप से सम्पन्न किया गया।

# महिला डॉक्टर को मितानिन ने जड़ दिया थप्पड़

कोरबा ■ तरुण छत्तीसगढ़

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में महिला डॉक्टर से मारपीट का मामला सामने आया है. इस कृत्य को किसी और ने नहीं बल्कि विभाग से जुड़ी मितानिन ने अंजाम दी है. दरअसल, मितानिन गर्भवती महिला को लेकर प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थी. प्रसव के थोड़ी ही देर बाद वह सीधे प्रसव कक्ष के भीतर जा पहुंची. वहीं किसी बात से खफा मितानिन ने मोबाइल पर वीडियो बनाना शुरू कर दिया. जिसे डॉक्टर ने मना किया तो आग बबूला हो गई और मारपीट की. मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई है. जिसपर पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है.



मिली जानकारी के अनुसार, उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदुरमाल में रहने वाली गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुआ. जिसे लेकर गांव की मितानिन प्रसव कराने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची. इस दौरान ड्यूटी में तैनात स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला को प्रसव कक्ष में दाखिल कर लिया. जहां कुछ समय बाद महिला चिकित्सक के देखरेख में प्रसुता ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दी. महिला चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी प्रसव कक्ष में जच्चा-बच्चा का निरीक्षण में लगे हुए थे. इस बीच मितानिन भी सीधे लेबर रूम के भीतर पहुंच गई. जहां वह किसी बात को लेकर नाराज हो गई. उसने नाराजगी में अपने मोबाइल से प्रसव कक्ष के भीतर ही वीडियो बनाना शुरू कर दिया. महिला चिकित्सक ने मितानिन जैसे पद पर कार्य करने वाली महिला के इस करतूत पर एतराज जताई और वीडियो बनाने से मना किया. यह बात मितानिन को नागवार गुजरी और महिला डॉक्टर से मारपीट शुरू कर दी. इस बीच आपाधापी में मितानिन का मोबाइल भी क्षतिग्रस्त हो गया. प्रसव कक्ष के भीतर मौजूद महिला कर्मियों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया. मामले से आला अफसरों को अवगत कराया गया. महिला चिकित्सक के साथ हुई घटना को प्रबंधन ने गंभीरता से लिया. प्रबंधन की ओर से मामले की शिकायत सिविल लाइन रामपुर पुलिस में की गई. सोमवार को रामपुर पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची. पुलिस ने प्रसुता के अलावा घटना के वक्त मौके पर मौजूद अन्य महिलाओं का बयान दर्ज कर लिया है. मामले में पुलिस की विवेचना जारी है.

**परिजनों की अनुपस्थिति में मिलेगा मितानिनों को प्रवेश**-घटना के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधिष्ठाता डॉ. अविनाश मेश्राम ने चिकित्सकों की बैठक ली. बैठक में उपस्थित चिकित्सकों ने इलाज के दौरान नियमों की अनदेखी से होने वाली परेशानी से अवगत कराया. उनसे रूबरू होने के बाद प्रसव कक्ष सहित प्रतिबंधित क्षेत्र में बिना अनुमति प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. अब नियमानुसार प्रसव कक्ष में प्रसुता के एक महिला परिजन ही जा सकते हैं. उनकी गैर मौजूदगी में ही मितानिनों को भीतर प्रवेश दिया जाएगा.

## नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक-10 के तालाब में बदबू और गंदगी से वार्डवासी परेशान

**अंवरी,28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक - 10 का शीतला तालाब जहाँ भठेली के सभी पांच वार्ड के लोग नहावन से लेकर समस्त तालाब कार्यक्रम में शीतला तालाब का उपयोग करते हैं। परेशान वार्डवासियों ने चर्चा में बताया कि तालाब में बहुत बदबू के कारण तालाब के पानी में नहाना मुंह धोना , कपड़ा धोना



दुभर हो गया है,लोग बुरी तरह गंदगी और बदबू से आहत है। वार्ड के नागरिकों ने बताया कि गांव का सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए हम उसी एक तालाब के भरोसे है। वार्ड क्रमांक 10 के शीतला तालाब का ही उपयोग किया जाता है, लेकिन तालाब की स्थिति देखकर बड़ी असुविधा महसूस हो रही है। साथ ही तालाब में नया सीसी रोड का निर्माण हुआ है लेकिन रोड में मुरुम पड़ा हुआ,उसे साफ नहीं किया गया है और तालाब में लगभग एक महीना से कुछ लाइट भी बंद होने की जानकारी मिली है,जिससे काफ़ी असुविधा महसूस हो रही है। जिसके मौखिक शिकायत मोहल्ले वासियों ने जनप्रतिनिधियों को भी किया है लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं की गई अगर ऐसा चलता रहा तो कुछ दिनों में भठेली के लोगों को बड़ी बीमारियों अपने गिरफ्ता में लेगी।



**रायपुर.** नई दिल्ली के प्रगति मैदान में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 में छत्तीसगढ़ ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है. स्वच्छता श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य के मंडप को कांस्य पदक मिला है.बता दें कि देश की राजधानी नई दिल्ली में 14-27 नवंबर, 2023 को 42वां भारतीय अंतराष्ट्रीय व्यापार मेला 2023 का आयोजन किया गया था. इस मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ को स्वच्छ मंडप क्षेत्र में कांस्य पदक से पुरस्कृत किया गया है. यह कार्यक्रम इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन की ओर से आयोजित था.

# कलिंगा विवि में वर्ष 2023-24 के बीएड के छात्रों के लिए किया स्वगातोत्सव का आयोजन

**रायपुर,28 नवंबर।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का एक प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (ह्रष्ट) द्वारा क्र- मान्यता प्रदान की गई है। यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जो वर्ष 2022 और 2023 में एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 101-150 विश्वविद्यालयों के बैंड में शामिल है। नेतृत्व शक्ति के विकास के साथ जिम्मेदार नागरिकों की भावना विकसित करने के लिए वैश्विक मानकों के अनुसार छात्रों में नवाचार विकसित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बहु-विषयक अनुसंधान-केंद्रित शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को प्रशिक्षित किया जाता है।कलिंगा विश्वविद्यालय में बैचलर ऑफ एजुकेशन के नए नामांकित छात्रों के लिए स्वगातोत्सव कार्यक्रम सोमवार, 27 नवंबर, 2023 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया । यह विश्वविद्यालय के लिए एक यादगार घटना थी जो अपने छात्रों को एक समृद्ध शैक्षणिक यात्रा में शामिल करने की कलिंगा विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता का उदाहरण थी।नए छात्रों का फूलों की पंखुड़ियों की वर्षा के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया और तिलक समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर की गई।कार्यक्रम के दौरान, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी ने एक पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विश्वविद्यालय पर मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की, और नए छात्रों को विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास एवं उपलब्धियों से परिचित कराया।

## बस्तर के रंग में रंगे कलेक्टर

**जगदलपुर.,28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** 2014 बैच के आईएएस अफसर बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने एक कार्यक्रम में अपनी आवाज से समा बांध दिया. दरअसल, विजय दयाराम कर्नाटक के रहने वाले हैं. साउथ इंडियन होने के बावजूद उन्होंने हिंदी गानों को इतनी खूबसूरत तरीके से गाया कि सभी की निगाहें उन्हीं पर टिकी की टिकी रह गई.पत्रकारों के साथ गेट टू गेदर टॉक में बस्तर में हो रहे तमाम गतिविधियों पर चर्चा करने के बाद सभी की डिमांड पर गानों का दौर शुरू हुआ. जिसमें कई पत्रकार साथियों ने अपनी आवाज में प्रस्तुति दी. इसके बाद बस्तर कलेक्टर को भी कुछ लाइन सुनने की डिमांड उठी. सबसे पहले बस्तर कलेक्टर ने हल्बी गीत 'आमी आंव बस्तरिया' गाया. सुरीली आवाज को सुन सभी पत्रकारों के मन मे हिंदी गाना सुनने की जिज्ञासा बढ़ी. जिसके बाद कलेक्टर ने हिंदी के कठिन गानों में से एक 'तुम मिले दिल खिले और जीने को क्या चाहिए' गाया. जिसने समां बांध दिया. दरअसल, विजय दयाराम आईएएस की पढ़ाई से पहले से ही गाना गाने के शौकीन रहे हैं. जब भी मौका मिले तो वे दो लाइन जरूर गुनगुना देते हैं.



# महतारी वंदन के नाम पर माताओं,बहनो को ठगने का भाजपाई षड्यंत्र विफल हो गया

**रायपुर,28 नवंबर।** चुनावों के नतीजो से भूपेश सरकार के पांच साल के कामों पर मुहर लगेंगी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि राज्य मे दो तिहाई बहुमत के साथ कांग्रेस कि सरकार बन रही है।चुनाव के नतीजो से भूपेश सरकार के पांच साल के कामों पर मुहर लगेगी। .प्रदेश कि जनता नें भाजपा के तमाम षड्यंत्रो के खिलाफ मतदान किया.। महतारी वंदन के नाम पर माताओ बहनो को गुमराह करने का भाजपा षड्यंत्र भी जनता नें नकार दिया। जनता नें भूपेश बघेल के काम और चेहरे को देख मतदान किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे पिछले पांच सालो मे कांग्रेस कि सरकार नें हर वर्ग के कल्याण के लिए काम किया जिससे राज्य के लोगो के जीवन स्तर मे व्यापक परिवर्तन आया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि राज्य मे भाजपा मुद्दाविहीन है चुनाव के दौरान भी भाजपा का मुद्दे का दीवालियापन साफ झलक रहा था भाजपा झूठे आरोपों और षड्यंत्रो के आधार पर जनता के बीच गयी थी। महादेव एप के नाम पर मुख्यमंत्री कि छवि खराब करने का भाजपा षड्यंत्र भी जनता के सामने बेनक़ाब हो गया। भाजपा पूरे चुनाव मे नेतृत्व और मुद्दे के संकट से जूझ रही थी। जनता नें भाजपा के घोषणा पत्र के वायदो को भी झूठ का पुलिंदा माना उस पर भरोसा नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के पास भूपेश सरकार के काम और घोषणा पत्र के वायदे थे कांग्रेस की सरकार नें अपने पिछले घोषणा पत्र के वायदो को पूरा किया था इसलिए जनता नें कांग्रेस के इस बार के वायदो पर भरोसा कर मतदान कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना सुनिश्चित किया है।



## भाजपा महामंत्री ने ज़िला निर्वाचन अधिकारी को सौपा ज्ञापन

**बलरामपुर, 28 नवंबर ।** जिले में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब भाजपा जिला महामंत्री दीना नाथ यादव ने वैलेट पेपर से हुए मतदान में गड़बड़ी होने की आशंका जाहिर करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।जिसमे कहा गया है कि वैलेट पेपर से हुए मतदान की पेटियों को जिला मुख्यालय के ट्रेजरी आफिस में रखा गया है।

## मतगणना टेबुलेशन का दिया गया प्रशिक्षण

**सूरजपुर,28 नवंबर।** 3 दिसंबर मतगणना तिथि पर मतगणना टेबुलेशन के लिए ड्यूटी लगाए गए अधिकारी एवं कर्मचारी का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में रखा गया था। जिसमें उन्हें त्रुटिहीन मतगणना करने के लिए सुव्यवस्थित पद्धति से अवगत कराया गया।

## संपादकीय

# ज्यादा वोटिंग मतलब होता है बदलाव

राजनीति में कई बार किसी संकेते का अर्थ परंपारा से ही निकाला जाता है क्योंकि परंपरा से निकाला गया अर्थ कई बार सही साबित हो चुका है। हर राज्या में राजनीति की परंपरा होती है। वहां चुनाव में कोई संकेत मिलता है तो उसका मतलब हमेशा की तरह परंपरा से निकाला जाता है। राजस्थान में विधानसभा चुनाव की परंपरा है कि वहां हर पांच साल में जनता सत्ता बदल देती है यानी एक दल को पांच साल में जनता एक बार मौका देती है। पांच साल के बाद जनता दूसरे दल को मौका देती है। राजस्थान में दो ही प्रमुख दल है। एक है कांग्रेस और दूसरी है भाजपा। पिछली बार भाजपा को सत्ता से हटाकर जनता ने कांग्रेस को सत्ता सौंपी थी।इस बार कांग्रेस को सत्ता से हटाने की पारी है, यानी जनता इस बार सत्ता भाजपा को सौंपेगी। इस बार 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान75.45 प्रतिशत हुआ है। यह राजस्थान के अब तक हुए 16 विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा बताया गया है। यानी इस बार जनता ने रिकार्ड मतदान किया है। यहां परंपरा से माना जाता है कि जब भी ज्यादा मतदान होता है तो उसका फायदा भाजपा को होता है तथा जब भी कम मतदान होता है तो उसका फायदा कांग्रेस को होता है। इस बार सत्ता संभालने की पारी भी भाजपा की है तथा ज्यादा वोटिंग भी हुई है, इस आधार पर माना जा रहा है कि राजस्थान में भाजपा की सरकार बनेगी। राजस्थान कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान गुटबाजी से हुआ। उसके बाद सरकार चार साल कोई खास काम नहीं कर सकी। आलाकमान गहलोत व सचिन को एकजुट नही कर सका।ऐसा नहीं है कि इसके लिए प्रयास नहीं किए गए। राहुल गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक गहलोत व सचिव को चुनाव के लिए एकजुट करने का प्रयास किया। लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। दोनों के बीच अनबन कई तरह से बाहर आती रही। पांच साल विकास के खास काम नहीं हुए, कानून व्यवस्था का बुरा हाल रहा, भ्रष्टाचार के मामले सामने आते रहे। पांचवें साल गहलोत सरकार ने नुकसान की भरपाई के लिए लोकलुभावने वादों का पिटारा खोला। यानी सरकार की अपेक्षा थी कि जनता यह देखे कि सरकार चुनाव में उन्हें क्या दे रही है। बाकी चार साल राजस्थान में क्या हुआ उसे जनता भूल जाए।

जनता के फैसले से पता चलेगा कि जनता ने गहलोत का साथ देने का फैसला किया है या उन्हें हटाने का फैसला किया है। इस बार भाजपा ने राजस्थान सहित मप्र व छग में अपनी चुनावी रणनीति बदल दी। उसने तीनों राज्यो में पीएम मोदी को सामने रखकर चुनाव लड़ा है तथा दो राज्यों छग व राजस्थान में सीएम भूपेश बघेल व अशोक गहलोत का मुकाबला स्थानीय नेता से नहीं पीए मोदी से रहा है। यानी जनता के सामने इस बार राज्य के सीएम की गारंटी व देश के पीएम की गारंटी से में किसी एक की गारंटी को चुनना है। तीन दिसंबर को पता चलेगा जनता ने दो राज्यों में सीएम की गारंटी को चुनती है या पीएम की गारंटी को चुनती है। तीन में से दो राज्यों में तो कांग्रेस की सरकार है। वहां बड़ी चुनौती कांग्रेस के लिए है कि उसे अपने दो राज्यों को बचाना है। भाजपा की सरकाक मप्र में है। उसे तो अपना एक राज्य बचाना है। अगर भाजपा अपना एक राज्य बचाकर राजस्थान या छग जीते लेती है तो यह उसकी बड़ी उपलब्धि होगी। भाजपा एक राज्य भी ज्यादा जीत जाती है तो माना जाएगा कि भाजपा कांग्रेस से ज्यादा सफल है। यानी 24 के चुनाव में मोदी की जीत तय मानी जाएगी। माना जाएगा कि जब जनता विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस के साथ नहीं है तो लोकसभा चुनाव में उसके साथ कैसे हो सकती है। पीएम इस मायने सभी नेताओं सेआगे हैं कि उन्होंने विधानसभा चुनाव में भी लोकसभा चुनाव के लिए जमीन तेयार कर ली है। यह अगले चुनाव में उनके लिए फायदे की बात होगी।

# चुनावी-भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के लिये जटायुवृत्ति जागे

**गंभीर मुद्दा**

**ललित गर्ग**



**भ्रष्ट चुनाव से तो भ्रष्ट नेतृत्व ही मिलेगा, ऐसी भ्रष्ट स्थितियों से देश के आर्थिक विकास में भी भ्रष्टता ही व्यापक होगी, शासन के सामने आर्थिक चुनौतियों खड़ी होगी। इस तरह मुफ्त की योजनाओं और गारंटियों से सिर्फ हमारा राजकोषीय घाटा ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि भ्रष्टाचार को पनपने का खुला मौका मिलेगा। मतदाता यदि किसी राजनीतिक दल की दूरगामी नीतियों व विकास योजनाओं को नजरअंदाज करके तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता देगा तो भविष्य में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।**

चुनाव लोकतंत्र की जीवनी शक्ति है, यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों की स्थापना के लिये चुनाव की स्वस्थता एवं उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत एवं मूल्यहीन होने से लोकतंत्र की जड़े तो खोखली होती ही है, राष्ट्र भी मूल्यहीनता की ओर अग्रसर होता है। चरित्र-शुद्धि के अभाव में चुनाव शुद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में ऐसा ही देखने को मिल रहा है, रेवड़ी-संस्कृति, लोकलुभावने वायदों और गारंटियों का जो कोलाहल सुना जा रहा है, येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीतने की होड़ देखने को मिल रही है, जो कालांतर में देश के सशक्त होने, आर्थिक अनुशासन व योग्य जनप्रतिनिधियों के चयन के लिये एक चुनौती बन सकता है। लगातार चुनावों में मुक्त की रेवड़िया बांटने की



परम्परा ने चुनाव प्रक्रिया एवं उसके आदर्श को धुंधलाया है। यह विडंबना है कि लोग जनप्रतिनिधि की योग्यता, कर्मठता, चारित्रिक उज्ज्वता की प्राथमिकता को दरकिनार करके संकीर्ण सोच के लाभों को प्राथमिकता देने लगे हैं। इस दूषित परंपरा से राजनेताओं और जनता का प्रलोभन विस्तार ले रहा है। इस बढ़ती बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलिया डालना अपनी जिम्मेदारी से पलायन है, इसके विरोध में व्यापक जन-चेतना जगाने की अपेक्षा है। आज चुनाव में बढ़ता भ्रष्टाचार का रावण मानवता एवं चुनाव शुद्धि की सीता का अपहरण करके ले जा रहा है, सब यह अनर्थ होते हुए देख रहे हैं, पर कोई भी जटायु आगे आकर उसका विरोध करने की स्थिति में नहीं हैं। चुनाव-भ्रष्टाचार के प्रति जनता, राजनीतिक दलों एवं नेताओं का यह मौन, यह उपेक्षाभाव उसे बढ़ायेगा नहीं तो और क्या करेगा?

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए मतदान हो चुका है। अब केवल तेलंगाना में मतदान होना शेष है। इन राज्यों के चुनाव प्रचार के दौरान यह बात और उभरकर सामने आई कि मतदाता राजनीतिक दलों के प्रलोभन का शिकार बनने के लिए तैयार है और राजनीतिक दल एवं उनके उम्मीदवार मतदाताओं को ठगने, लुभाने एवं गुमराह करने की होड़ में लगे हैं। 'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है...लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति एवं चुनावों पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं, जो दुःखद एवं विडम्बनापूर्ण है। आम तौर पर मतदाता राजनीतिक दलों के घोषणा पत्रों में यह नहीं देखता कि उसमें अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था, रोजगार, नागरिक सुविधाएं, बिजली-पानी आदि के ठोस वादे किए गए हैं या नहीं? वह अब यह देखता है कि किस दल ने उन्हें क्या-क्या मुफ्त वस्तुएं और सुविधाएं देने के वादे किए हैं। वक्त की जरूरत है कि मतदाताओं को लालीपॉप देने, मुक्त की रेवड़िया बांटने के बजाय उन्हें ऐसे अवसर दिये जाने चाहिए ताकि वे कालांतर आत्मनिर्भर बन सकें, सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका निभा सके, देश के सशक्त आर्थिक विकास में योगभूत बन सके।

भ्रष्ट चुनाव से तो भ्रष्ट नेतृत्व ही मिलेगा, ऐसी भ्रष्ट स्थितियों से देश के आर्थिक विकास में भी भ्रष्टता ही व्यापक होगी, शासन के सामने आर्थिक चुनौतियों खड़ी होगी। इस तरह मुफ्त की योजनाओं और गारंटियों से सिर्फ हमारा राजकोषीय घाटा ही नहीं बढ़ेगा, बल्कि भ्रष्टाचार को पनपने का खुला मौका मिलेगा। मतदाता यदि किसी राजनीतिक दल की दूरगामी नीतियों व विकास योजनाओं को नजरअंदाज करके तात्कालिक लाभ को प्राथमिकता देगा तो भविष्य में उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उम्मीदवारों के षड़यंत्र एवं मतदाताओं के लोभ हमारी चुनाव प्रक्रिया को भी संकट में डालते हैं। जाहिर बात है कि मुफ्तखोरी की संस्कृति के बूते सत्ता में आने वाला नेता कालांतर में सरकारी संसाधनों के दोहन को अपनी प्राथमिकता बनायेगा। जो धन उसने चुनाव के दौरान बांटा है उसका कई गुना येन-केन-प्रकारेण वसूलेगा। जिससे लोकतंत्र में लूटतंत्र की मानसिकता को प्रोत्साहन मिल सकता है। चुनाव में मुफ्त रेवड़ी संस्कृति के साथ चुनाव का अधिकाधिक खर्चीला होना भी गंभीर चिन्ता का विषय है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव प्रचार करने में करोड़ों रूप्ये व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों एवं उद्योगपतियों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं जायज-नाजायज तरीकों से प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके शोषण के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं भ्रष्टता की परम्परा का सिंचन मिलता है। यथार्थ में देखा जाये तो जनमंत्र अर्थतं. बन कर रह जाता हैं, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। ऐसे में ईमानदार, योग्य एवं कर्मठ लोगों का राजनीति में आने का रास्ता ही बन्द हो जायेगा। चुनावों में लगातार बढ़ रही भ्रष्टता की नाजुक स्थिति में व्यक्ति-व्यक्ति की जटायुवृत्ति को जगाया जा सके, चुनावी भ्रष्टाचार के विरोध में एक शक्तिशाली समवेत स्वर उठ सके और उस स्वर को स्थायित्व मिल सके तो लोकतंत्र की जड़ों को सिंचन मिल सकता है और ऐसे हालातों में भी हमारा अमृत-काल भी चुनाव-प्रक्रिया के लिये भी अमृतमय बन सकता है।

इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में मतदाताओं को लुभाने के लिए मुफ्त पेशकश के मामले में होड़ करके राजनीतिक दल एक दूसरे को मात देने में लगे रहे। चुनाव में रेवड़ियों की इस बारिश के राजनीतिक एवं आर्थिक, दोनों निहितार्थ हैं। साथ ही यह उन राजनीतिक दलों के दोहरे रवैये को भी जाहिर करता है जो मुफ्त पेशकश के मामले में दूसरे दलों को तो आईना दिखाते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के लिए खुद उनका सहारा लेने से कोई संकोच नहीं करते। यह दोहरा रवैया भाजपा के चरित्र में भी समाया है। सही मायनों में मुफ्त के उपहारों की हमेशा बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। यह हमारे लोकतंत्र की भी विफलता है कि आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी हम अपने लोकतंत्र को इतना सजग व समृद्ध नहीं बना पाये कि मतदाता अपने विवेक से अपना दूरगामी भला-बुरा सोचकर मतदान कर सके। अतीत के अनुभव बताते हैं कि जिस भी राज्य ने मुफ्त खाद्यान्न, पानी, बिजली व सब्सिडी बांटी है उसकी अर्थव्यवस्था भविष्य में चरमराई ही है। सही मायनों में मुफ्त कुछ नहीं होता, वह करदाताओं की पसीने की कमाई से पैदा होता है। देश को कल्याणकारी नीतियों की जरूरत है, लेकिन वह आर्थिक अनुशासन और राजकोषीय विवेक पर आधारित होना चाहिए।

कोई भी दल यह बताने को तैयार नहीं कि वे मुफ्त वस्तुएं जैसे कि स्कूटी, लैपटाप, मोबाइल, सोना, मुफ्त बिजली-पानी-बस यात्रा समेत अन्य वस्तुएं और सुविधाएं देने के जो वादे कर रहे हैं उन्हें पूरा कैसे करेंगे? वास्तव में यह वह सवाल है जो मतदाताओं को करना चाहिए। वह यदि यह सवाल नहीं करता तो इसका कारण लालच और फौरी लाभ ही है। लेकिन मतदाताओं का यह लाभ का दृष्टिकोण समूचे लोकतंत्र के लिये कितना नुकसानदायी है, इस पर चिन्तन करना जरूरी है। ऐसा नहीं है कि रेवड़िया बांटने का खेल देश में पहले नहीं होता था, लेकिन आज जिस पैमाने पर हो रहा है, वह हर देशभक्त की चिंता का विषय होना चाहिए। कहीं न कहीं, मुफ्त की गारंटियों का यह खेल जवाबदेह प्रशासन व आर्थिक स्थिरता पर कालांतर गहरी चोट करेगा। वहीं ये गतिविधियां एक जिम्मेदार लोकतंत्र पर सवालिया निशान लगाती हैं। यह बड़ा सत्य है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से हमारी अर्थव्यवस्था व विवेकशील सुशासन पर घातक असर पड़ता है। अंततः रेवड़ी संस्कृति का आर्थिक दबाव सरकारी संसाधनों पर पड़ता है। राज्यों के आर्थिक संसाधन सीमित हैं। ऐसे में बांटा गया धन कालांतर में हमारे बुनियादी ढांचे व विकास परियोजनाओं के लिये निर्धारित धन में कटौती करता है। जिससे समग्र एवं संतुलित विकास का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाता। निश्चित रूप से समाज के कमजोर वर्ग को आर्थिक संबल दिया जाना चाहिए। लेकिन मुफ्त रेवडियां बांटने से वह अकर्मण्य एवं कामजोर होंगे, जरूरत ठोस आर्थिक विकास व रोजगार के अवसर सृजन की होनी चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। व्यापार में आपको अपने सहयोगियों का सहयोग मिलेगा, जिससे अच्छा धन लाभ मिलेगा। इस राशि के जिन लोगों का आज बर्थडे है, वे अपने दोस्तों को पार्टी देंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। सिविल इंजीनिरिंग कर रहे छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अपनी काबिलियत से बेहतर परफॉर्म करेंगे। आपको बहुत अच्छी सफलता मिलेगी। आज जॉब की तालाश ख़त्म होगी, अच्छी जॉब का ऑफर आयेगा।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज कोई नया काम मिल सकता है, जिससे आर्थिक लाभ होगा। प्राइवेट शिक्षकों के वेतन में बढ़ोत्तरी होगी। आज आप ऑनलाइन योग ट्रेनिंग की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपकी सलाह से किसी को फायदा होगा। आज आपके फालतू के खर्च कम होंगे आपका बैंक बैलेंस बढ़ेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके घर में कोई शुभ कार्य आयोजित हो सकता है। जिसमें आप अपने सभी सगे संबंधियों से मिलेंगे। आज के दिन आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सक्षम रहेंगे। आज आप अपने काम व जीवन के बीच बैलेंस बनाकर रखेंगे।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। जीवनसाथी कोई जरूरत का सामान गिफ्ट करेंगे। घर के कामों में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। राजनीति से जुड़े लोग आज कोई सभा आयोजित करेंगे। माता-पिता के आशीर्वाद से किए गए काम में आपको सफलता मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज कोई बिजनेस डील फाइनल होने से आप रिलैक्स फील करेंगे। आप दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाने का विचार बनायेंगे। लाइब्रेरियन की सैलेरी मे इंक्रीमेंट होने के योग हैं। लवमेट्स के रिश्ते में चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी।

**तुला राशिः** आज आपका दिन आपके जीवन में नया बदलाव लाने वाला है। आप दिन की शुरुआत योगा अभ्यास से करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे परिणाम हासिल होंगे, अपनी मेहनत जारी रखें। बिजनेस कर रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा मुनाफा होगा। अपनी योग्यता को बढ़ाने के लिए आप कोई नई स्किल सीखने का मन बनाएंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। स्पोर्ट्स से जुड़े लोग अपनी ट्रेनिंग में पूरी मेहनत लगाएंगे, ये मेहनत आपको भविष्य में नई ऊंचाईयों तक ले जाएगी।

**धनु राशिः** आज आप का दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। सरकारी विभाग में कार्यरत लोगों को पदोन्नति मिलेगी। आज आप कोई व्यापारिक निर्णय ले रहे है तो पहले किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह जरूर ले लें। आज आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार देखने को मिलेगा।

**मकर राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। काम के प्रति आत्मविश्वास आपको तरक्की की ओर ले जायेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतरीन रहने वाला है। अगर आप कोई नया बिजनेस स्टार्ट करना चाहते हैं तो अपने बजट के अनुसार हीपैसे इन्वेस्ट करना अच्छा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट पिछले दिनों के छूटे सिलेबस को आज पूरा करेंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपके विचारों में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। आप सभी चुनौतियों को दरकिनार कर तरक्की की राह पर आगे बढ़ेंगे। आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होंगी। आज आपको अचानक से कहीं बुलाया जायेगा, यह बुलावा आपके बिजनेस से सम्बंधित हो सकता हैं। आज किसी फैसले में आपकी राय कारगर साबित होगी। आज जीवनसाथी की सहायता से आपको किसी काम में अच्छा रिजल्ट मिलेगा। व्यापार में उत्तम लाभ के योग बने हुए हैं। दांपत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा।

## व्यंग्य

# फिलिस्तीन की चप्पलें

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



जोड़ियों में रहने वाले चप्पल जब तक जोड़ियों में रहे तब तक दुनिया में शांति बनी रहती है। इनके अलग-थलग पड़ने से मायने बदल जाते हैं। दृश्य बदल जाते हैं। प्रायः जोड़ियों में रहने वाले चप्पल आजकल अलग-अलग साइज के एकल चप्पलों के साथ इधर-उधर बिखरे हुए हैं। जिधर देखो उधर अपने बिरादर से बिछुड़े हुए एकल चप्पल ही नजर आते हैं। अलग-अलग रंग के। अलग-अलग ढंग के। हैं तो चप्पल ही। इनमें कुछ नए चप्पल भी हैं। ढूँढ़ने की लाख कोशिश की, लेकिन जोड़ीदार चप्पल का कहीं अता-पता नहीं है। वैसे जोड़ीदार चप्पल गए तो गए, गए कहाँ? क्या इन्हें जमीन खा गयी या फिर आसमान निगल गया।

एक बार के लिए मान भी लेते हैं कि यह स्थल कोई मंदिर, मस्जिद, चर्च या फिर स्कूल है। किंतु ऐसा भी नहीं है। यहाँ तो लोगों का जमघट लगा रहता है। एकल चप्पल पहनकर घूमने का सवाल ही नहीं उठता। सोचा इन चप्पलों को पहनने वाले पैर कहीं गए होंगे। लौट आयेंगे। समय बूढ़े पत्तों की तरह पल-पल झड़ता ही जा रहा है, लेकिन उन पैरों का कहीं नामों-निशान नहीं हैं। गए तो गए, गए कहाँ? इंसान हर चीज़ से प्यार करता है। यहाँ तक कि चप्पलों से भी। चप्पल छोड़कर जाना भी हो तो बड़ी सुरक्षित जगह पर छोड़ जाता है। लगता है वह इन चप्पलों को भूल गया है। काश एकल चप्पल भी हमारी-तुम्हारी तरह साँस ले पाते। वे अपने आप अपनी जोड़ीदार चप्पल को ढूँढ़ लेते।

एक बार के लिए मान भी लें कि चप्पलों की पॉलिश चली गयी है। या फिर टूटी चप्पल मरम्मत के लिए मोची की दुकान पर पड़ी सुस्ता रही है। लेकिन तस्वीर इसके एकदम उलट हैं। इन एकल चप्पलों पर कुत्ते अपने दाँत गड़ा रहे हैं। ये चप्पल अपने मालिक को ढूँढ़ रही हैं। हजारों रुपए खर्च कर इन्हें खरीदने वाले बड़े बदनसीब हैं। वे एक बार के लिए इन्हें पहन भी नहीं पाए। न जाने इन्हें छोड़कर इंसानी पुतले कहाँ चले गए। कुछ चप्पल काटत भी थे। कुछ चप्पल साइज में छोटे भी थे। फिर भी जबरन पहनने वाले इनके मालिक आखिर गए तो गए, गए कहाँ? वैसे भी यहाँ इंसान के गिरते चरित्र की तुलना चप्पल से की जाती है। आज इंसान गायब है, चप्पल जिंदा है। कुछ अभागन के पैरों की लाली भी नहीं सूखी थी, वे चप्पल छोड़ इस दुनिया को अलविदा कह गयीं। आज दुनिया में चप्पल ज्यादा हैं, इंसान कम है। उनमें भी एकल चप्पल की पीड़ा सबसे गहरी है।

## सर्दी में रोजाना एक संतरा खाने से शरीर को मिलते हैं फायदे

सर्दियों में दिन ऐसे भी छोटा होता है और ठंडी हवा के बीच खानपान का खास ख्याल रखना बेहद जरूरी है. हेल्थ एक्सपर्ट से लेकर डॉक्टर के मुताबिक विंटर में सीजनल फल जरूर खाना चाहिए. सर्दियों में आपको हेल्थ संबंधी परेशानियों से बचना है और इम्युनिटी को मजबूत रखनाा है तो हर रोज एक संतरा खाना चाहिए. आज हम आपको बताएंगे कि हर रोज संतरा खाने के होते हैं ये गजब के फायदे. संतरा में भरपूर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो शरीर के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. क्योंकि इसमें सभी तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं. यह इम्युनिटी को भी मजबूत करने का काम करती है. साथ ही साथ सर्दी और फ्लू से बचाने में भी मदद करता है. फ्लेवोनोइड और कैरोटीनॉयड सहित विभिन्न प्रकार के एंटीऑक्सिडेंट होते हैं. शरीर में मुक्त कणों को बेअसर करने में मदद करती है. ऑक्सीडेटिव तनाव से सुरक्षा प्रदान करती है. यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर प्रोफाइल सेलुलर स्वास्थ्य में योगदान देता है और पुरानी बीमारियों को रोकने में दीर्घकालिक लाभ हो सकता.

रिपोर्ट के अनुसार, सर्दियों में संतरे रोजाना खाना चाहिए ताकि आप पूरे दिन शरीर हाइड्रेट रहेगा. क्योंकि इनमें पानी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में इतम तरल स्तर को बनाए रखने में मदद करती है. उनकी फाइबर सामग्री रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने में भी सहायता करती है. जिससे वे मधुमेह वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद बन जाते हैं।

## विश्लेषण

**संजीव ठाकुर**

# मध्यम दर्जे के शहरों का स्मार्ट सिटी में परिवर्तन ,यथार्थ या केवल हवा की बातें

नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर,कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मैं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है। कतर देश के प्रिंस शेख हमद बिन नासिर ने दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 100 अरब रुपए की योजना बनाकर निवेश करने की इच्छा जताई है। नासिर जी ने अपने एक पार्टनर दिल्ली के नितेश शर्मा के साथ मिलकर देश में स्मार्ट शहरों की निर्माण हेतु एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने का प्रावधान रखा है। सिंगापुर ने भी भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने चेन्नई बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट एक लिटिल सिंगापुर विकसित करने की योजना बनाई है।भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी पर होने वाले खर्च हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की को प्राथमिकता देने की योजना भी बनाई है।



बड़े विदेशी शहरों के अनुरूप भारत में भी ऐसे बड़े शहरों की जरूरत महसूस हो रही है,जहां के निवासियों की सभी जरूरतों को त्वरित व तेजी से पूरा किया जा सके। ऐसे शहरों को स्मार्ट सिटी का नाम दिया जा रहा हैद्य जिस शहर में सभी गुणवत्ता पूर्ण आम लोगों को सुविधाएं कम सेवा मूल्य पर और आसानी से उपलब्ध हो सके। जहां लोगों के जीवन यापन के तरीके इतने सुलभ व संतुलित हो की धूल प्रदूषण से मुक्त सड़कें ,पानी, बिजली आसानी से उपलब्ध हो सकेद्य और वहां पर घर पहुंच घर में बैठे-बैठे इंटरनेट और सोशल मीडिया पर क्षण भर में सभी प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सके।, आम नागरिक जन सुविधाओं से स्वतंत्रता के बाद अब तक जूझ रहा हैं, तो उसका त्वरित निराकरण संचार माध्यमों से हो सके। ऐसे स्मार्ट शहर की स्थापना किया जाना केंद्र सरकार का लक्ष्य बन गया हैद्य पर क्या भारत की जनसंख्या की विशालता को देखते हुए और भारत के मेट्रोपॉलिटन शहरों की संघनता और जनसंख्या को दृष्टिगत रख इन्हें स्मार्ट सिटी में बदला जा सकता है? यदि सरकार और आम नागरिकों का दृढ़ निश्चय संकल्प हो, और आपसी सहयोग तथा सामंजस्य बेहतर तरीके से हो जाए तो भारत में स्मार्ट सिटी की परिकल्पना यथार्थ रूप भी ले सकती हैद्य यदि दूसरे तरीके से और दूसरे नजरिए से इस तथ्य को देखा जाए तो स्मार्ट सिटी में पर्याप्त बिजली, पानी,भोजन,घर आदि की उपलब्धता के साथ-साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा,शिक्षा, मनोरंजन, यातायात की सुविधाएं भी आसानी से प्राप्त हो जाएं और आरामदायक जीवन से संबंध सभी आर्थिक गतिविधियों का संचालन सुचारू रूप से चलता रहे। ऐसी स्मार्ट सिटी यदि भारत में बन जाती है, तो भारत से ज्यादा विकासवान दूसरा भी नहीं हो सकता है। तो ऐसे शहर की परिकल्पना केवल दृढ़ संकल्प और सार्थक मेहनत के प्रतिफल के रूप में ही की जा सकती है। देश के प्रधानमंत्री ने पूर्व स्वतंत्रता दिवस पर भारत में 100 से ज्यादा शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की घोषणा भी की है। और इसके लिए उन्होंने 9 हजार करोड़ रुपयों का बजट का प्रावधान भी रखा है। वैसे तो प्रधानमंत्री के इस स्वप्निल विचारों को मूर्त रूप देने के लिए केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय द्वारा एक पूरा मैनुअल जारी किया गया है। यह परियोजना आने वाले वर्षों में मूर्त रूप लेगी। देश के 40 लाख से अधिक आबादी वाले 9 शहरों,10 लाख से 40 लाख आबादी वाले 44 शहरों, 5 लाख से 10 लाख आबादी वाले 20 शहरों, सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की राजधानियों के अंतर्गत आने वाले लगभग 37 शहर सहित पर्यटन व धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण 15 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने की योजना बनाई गई है।

नए प्रारूप में सर्वप्रथम केंद्रीय शासन द्वारा दिल्ली, गुड़गांव, फरीदाबाद, इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी, देहरादून, हरिद्वार, बोधगया, भोपाल, इंदौर,कोच्चि, जयपुर और अजमेर को स्मार्ट सिटी के रूप में परिवर्तित करने का निर्णय लिया गया है।भारत में स्मार्ट सिटी बनाने की इस नई परियोजना मैं विदेशी राष्ट्रों ने भी गहरी रुचि दिखाई है। जापान ने वाराणसी शहर को एक अच्छी विकसित सर्व सुविधा संपन्न स्मार्ट सिटी बनाने रुचि दिखाई है। कतर देश के प्रिंस शेख हमद बिन नासिर ने दिल्ली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए 100 अरब रुपए की योजना बनाकर निवेश करने की इच्छा जताई है। नासिर जी ने अपने एक पार्टनर दिल्ली के नितेश शर्मा के साथ मिलकर देश में स्मार्ट शहरों की निर्माण हेतु एक लाख करोड़ रुपए निवेश करने का प्रावधान रखा है। सिंगापुर ने भी भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए सहयोग देने की बात कही है। उन्होंने चेन्नई बैंगलोर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निकट एक लिटिल सिंगापुर विकसित करने की योजना बनाई है।भारत सरकार ने स्मार्ट सिटी पर होने वाले खर्च हेतु पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल की को प्राथमिकता देने की योजना भी बनाई है। पर स्मार्ट सिटी बनाते समय विशेष तौर पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत स्मार्ट सिटी में मांग प्रबंधन वित्तीय को ओपन ऊर्जा कुशलता सूचनाओं के आदान-प्रदान की समयानुकूल व्यवस्था के साथ न्यूनतम कचरा उत्पादन जैसी विशेषताओं का होना भी आवश्यक है। स्मार्ट सिटी में बाधा हीन कारोबार, गुणवत्ता परक जीवन के कारण तीव्र प्रति श्रद्धा की स्थिति मौजूद रहती है। ऐसे में जन सुरक्षा एवं नागरिक अधिकारों को भी साथ साथ जीवित रखना होगा। स्मार्ट शहरों को विध्वंसक कार्रवाई यों और चोरी डकैती आदि से बचाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के तहत सीसीटीवी की निगरानी में 24 घंटे रखा जाना होगा ।इसके साथ ही संतुलित जीवन के लिए पर्यावरण संतुलन भी अत्यंत आवश्यक होगा। देश में बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी स्थापित करने में निसंदेह भारत को विकसित देशों की ओर अग्रसर होने में बहुत मदद मिलेगी। देश में नए सिरे से रोजगार के अवसर भी खोजा जाएगा ।परंतु इस नई परियोजना को मूर्त रूप देने में कई विघ्न बाधाएं एवं चुनौतियां भी हैं। जनता निर्विवाद रूप से कठिनाइयों से निपटने के बाद ही सपनों के शहर को बस बसाना आसान होगा। इन प्रोजेक्ट को अमल में लाने के लिए शहरी तथा ग्रामीण कानूनों में भी परिवर्तन आवश्यक होगा। यदि देश का प्रत्येक नागरिक सरकार के अधीन प्रोजेक्ट में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से सहयोग देकर अपना योगदान दें, तो निश्चय ही अगले दो दशकों में भारत में सैकड़ों स्मार्ट सिटी निर्मित हो सकेगी ।और आम नागरिकों को जन सुविधाओं के साथ भारत एक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ जाएगा।

एक नजर

## खराब मौसम के चलते हैदराबाद से जगदलपुर नियमित विमान रद्द

**जगदलपुर 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर में ख़राब मौसम के चलते आज हैदराबाद से जगदलपुर आने वाली नियमित विमान रद्द हो गई हैं बताया जा रहा हैं कि उड़ान के लिए जो विजिबिलिटी होनी चाहिए ओ नही हैं जिसके कारण आज जगदलपुर से हैदराबाद जाने वाले 2 दर्जन से भी अधिक यात्री परेशान रहे.. वंही आज जगदलपुर का मौसम भी खराब रहा हैं.इधर खराब मौसम और वेदर ट्रेंड को देखते हुए एलाइंस एयर ने फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया है वंही उड़ान की. विजिबिलिटी 5 हजार तक होनी चाहिए लेकिन कम विजिबिलिटी के कारण आज हैदराबाद से जगदलपुर आने वाला विमान केंसल कर दिया गया हैंज.अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में बस्तर का मौसम उड़ान सेवा में कितना असर डालता हैं।

## मतगणना स्थल में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए लगाई मजिस्ट्रियल ड्यूटी

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् 03 दिसम्बर को मतगणना स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव कांकेर में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-30 ईशान वन प्रवेश द्वार व हॉटल के पास नाथियानवागांव मतगणना स्थल से एक किलोमीटर की परिधि तक नायब तहसीलदार कांकेर श्री सुरेश कुमार राय की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर न्यू माकड़ी हॉटल व पंजाबी ढाबा से मतगणना स्थल तक नायब तहसीलदार पखांजूर (बान्दे) श्री भरत लाल ब्रम्हे, कॉलेज प्रांगण के पंडाल एवं मेन रोड राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर संयुक्त कलेक्टर कांकेर श्री मनीष मिश्रा, कॉलेज के मुख्य प्रवेश द्वार से कॉलेज प्रांगण के पंडाल में नायब तहसीलदार कांकेर श्री अभिषेक देवांगन एवं नायब तहसीलदार कांकेर सुश्री उमेश्वरी देवांगन, मतगणना स्थल महिला विंग में संयुक्त कलेक्टर कांकेर सुश्री आस्था राजपूत तथा नायब तहसीलदार कांकेर सुश्री भाग्यश्री, मुख्य प्रवेश द्वार से कॉलेज भवन अन्दर परिसर में अनुविभागीय दण्डाधिकारी चारामा श्री राकेश कुमार गोलछा तथा डिप्टी कलेक्टर कांकेर सुश्री हर्षलता वर्मा की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही मतगणना कक्ष विधानसभा क्षेत्र-79 अंतागढ़ के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अंतागढ़ श्री बी.एस. उईके, मतगणना कक्ष विधानसभा क्षेत्र-80 भानुप्रतापपुर के लिए नायब तहसीलदार आमाबेड़ा श्री उमेश चौहान और मतगणना कक्ष विधानसभा क्षेत्र-81 कांकेर के लिए नायब तहसीलदार कांकेर श्री विकास कुमार जैन की ड्यूटी लगाई गई है।

## अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय का 100 मीटर क्षेत्र साइलेंस जोन

**उत्तर बस्तर कांकेर, 28 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 5(2) एवं धारा 10(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, धार्मिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि को शांत परिक्षेत्र (साइलेंस जोन) घोषित किया है।

जिला दंडाधिकारी ने ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) के नियम 3(1) एवं 4(1) के तहत् परिवेशीय ध्वनि पैमाने की सीमा (परिवेशीय शोर मानक) का पृथक-पृथक क्षेत्र निर्धारित किया है, जिसमें औद्योगिक क्षेत्र, वाणिज्यिक क्षेत्र, आवासीय क्षेत्र और शांति परिक्षेत्र को प्रातः 06 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक शांत परिक्षेत्र घोषित किया गया है। उन्होंने शांत परिक्षेत्र अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, धार्मिक संस्थाएं आदि के कम से कम 100 मीटर दूरी तक पटाखे न फोड़ने के लिए भी आदेशित किया है। इसी प्रकार 100 मीटर की दूरी तक प्रेशर हॉर्न या म्यूजिकल हॉर्न या अन्य किसी भी प्रकार के साउण्ड एम्लीफॉयर का उपयोग प्रतिबंधित होगा। उक्त आदेश का उल्लंघन धारा 15 के अधीन दण्डनीय होगा। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# बस्तर जिले में पहली बार महिला कर्मी 3 दिसंबर को करेंगी मतगणना

### ईवीएम की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे और प्रत्येक टेबल पर भाजपा-कांग्रेस के 14-14 एजेंट मौजूद रहेंगे

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 28 नवंबर ।** बस्तर जिले में विधानसभा चुनाव की मतगणना 3 दिसंबर को होगी निर्वाचन आयोग ने मतगणना से जुड़ी सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं। बस्तर जिले में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि महिला कर्मियों को मतगणना की जिम्मेदारी सौंपी जा रहा है, उनकी ट्रेनिंग भी पूरी हो गई है। बस्तर जिले के तीन विधानसभा जगदलपुर, चित्रकोट एवं बस्तर की गणना 16 से 18 राउंड में की जाएगी। इस दौरान ईवीएम की मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे और प्रत्येक टेबल पर भाजपा-कांग्रेस के 14-14 एजेंट मौजूद रहेंगे। जगदलपुर विधानसभा के 1770 डाक मतपत्र के लिए 4 अतिरिक्त एजेंट नियुक्ति किए जा रहे हैं। दोनों प्रमुख राजनैतिक दलों की तरफ लगभग 40 एजेंट मतगणना के दौरान मतगणना स्थल मॉडल कॉलेज में मौजूद रहेंगे।



बाकी दलों के साथ ही निर्दलीय प्रत्याशियों के एजेंट भी मतगणना के दौरान मॉडल कॉलेज में रहेंगे।

मॉडल कॉलेज में होने वाली मतगणना को लेकर राजनैतिक दलों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। 3 दिसंबर को डाक मतपत्रों की गिनती सबसे पहले सुबह आठ बजे शुरू होगी। इसके बाद ईवीएम खुलेंगे और उसकी मतगणना होगी। बताया जा रहा है कि पहले राउंड की मतगणना के साथ डाक मतपत्र के नतीजे या कहें रुझान जुड़कर सामने आएंगे। सुबह 10 बजे तक पहले राउंड में कौन आगे और कौन पीछे इसकी घोषणा कर दी जाएगी।

पहले चरण के प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर विजय दयाराम ने महिला अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि नारीशक्ति ने मतदान कार्य में मिले दायित्व का बखूबी निर्वहन किया है। उनके कार्यों की सराहना राज्य स्तर पर हुई है। इसी वजह से उन्हें अब मतगणना का काम दिया जा रहा है। वे गणना सुपरवाइजर, सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका में होंगी।

# लोधेशवरधाम को मिलेगी राष्ट्रीय पहचान:विपिन वर्मा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 28 नवंबर।** लोधेश्वरधाम में आयोजित सामाजिक सम्मेलन में देश भर से जुटे सदस्यों को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विपिन कुमार वर्मा विधायक एटा,ने कहा कि रायपुर के लोधेश्वरधाम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी इसके लिए समाज के द्वारा किया जा रहा कार्य अनुकरणीय है। सांसद श्री विजय बघेल ने कहा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र में लोधेशवरधाम का निर्माण हो रहा है यह गौरव की बात है। लोधी समाज का बडा इतिहास रहा है। अमर शहीद वीरांगना अवंती बाई लोधी इसी समाज से रही है। यह समाज बहुत ही मेहनतकश व परिश्रम करने वाले लोगों का है। मुख्य अतिथि विपिन कुमार वर्मा ने कहा कि मैं विगत 10 वर्षो लोधेशवरधाम से परिचित हूं, इस धाम के नाम ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाने लगा है। दिल्ली से लेकर उत्तरप्रदेश मे भी लोधेशवरधाम की चर्चा है। इस धाम को बडे स्वरूप में विकसित करने योजना है। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा ईकाई के समस्त पदाधिकारीगण बधाई के पात्र है। इस कार्यक्रम मे अंचल के अलावा उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, एवं मध्यप्रदेश से आए समाज के सदस्य मौजूद थे। लगभग 200 से अधिक युवक-युवतियों ने परिचय दिया,साथ ही 450 लोगो ने पंजीयन कराया। लोकगायिका शिवानी जंघेल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरूआत लोधेशवर भगवान व अवंती बाई लोधी की आरती के अलावा छत्तीसगढ की राजगीत, अरपा पैरी धार का गायन के साथ हुआ। विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाले समाज के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया।



समाज के विशिष्टजनों में श्री घनश्याम कौशिक महामंत्री राज्य लोधी समाज, अंकेक्षक विमल पटेल,श्री बुधराम देवगडे बिल्डर्स बैंगलोर, पन्ना सिंह जंघेल संरक्षक झारखंड लोधी महासभा टाटानगर जमशेदपुर, जितेंद्र मोहरे अध्यक्ष बालाघाट, श्रीमती सुनीता जंघेल अध्यक्ष मंडला - बालाघाट महिला प्रकोष्ठ, भरत लाल वर्मा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा, राधेश्याम नागपुरे, तिरोडा, मूलचंद वर्मा संरक्षक , एच डी ढेकवार, संरक्षक, सुरेश कुमार सुलाखे, राजेश नागपुरे, एन. के. दशहरे, राजकुमार वर्मा बिलासपुर, भुखनलाल वर्मा डोगरगढ, लोधी समाज आमगांव के पदाधिकारीगण टी आर लिल्हारे, के अलावा अधिक संख्या मे प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सफाई अभियान तीसरे दिन भी जारी,आयुक्त स्वयं कर रहे निगरानी

**सड़कों एवं नालियों में कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें आयुक्त मंडावी**

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 28 नवंबर।** विशेष सफाई अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र में चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत आज तीसरे दिवस शहर के विभिन्न मार्गो में सफाई अभियान चलाया गया । कलेक्टर के निर्देश पर चलाए जा रहे हैं सफाई अभियान का सुबह आयुक्त श्री हरेश मंडावी ने स्वयं स्थल में रहकर अभियान का निरीक्षण किया । विशेष सफाई अभियान के तहत आज शहर के जिला ग्रंथालय से नयापारा मार्ग ,चित्रकूट रोड एवम कुम्हारपारा रोड में सफाई अभियान चलाया गया । आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्वच्छता विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को साफ सफाई के संबंध में



आवश्यक निर्देश दिया । आयुक्त ने कर्मचारियों अधिकारियों को कहा कि शहर में वार्ड से नुक्कड़ों को समाप्त कर कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करने का कार्य प्रारंभ करें । साथ ही सफाई कर्मचारी वार्ड एवं दुकानों में लोगों से कचरा नालियों एवं सड़कों पर न डालने की अपील करते क्षेत्र का सतत निगरानी करें और कचरा नाली एवं सड़कों पर डालने वालों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें । आज निरीक्षण के दौरान स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास ,सुशील कर्मा,एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

# मोटरसाइकिल चोर पर बस्तर पुलिस की कार्रवाई

**जगदलपुर 28 नवंबर।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में चोरी के आरोपी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।ज्ञात हो कि प्रार्थी विवेक दास पिता शनि दास निवासी गंगा नगर वार्ड दिनांक 20.11.23 के शाम 06ः00 बजे लगभग अपने घर के सामने अपनी मोटर सायकल पल्सर क्रमांक ष्ट्र-17- ञ्चड्ड-4589 को चोरी हो जाने की रिपोर्ट लिखाई थी, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करते हुए चोरी हुए मोटर सायकल की पता तलाश कर तकनिकी साक्ष्य और मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी शुभम पटेल पिता स्व. मिश्री लाल के कब्जे से चोरी किये गए मोटर सायकल पल्सर ष्ट्र-17-ञ्चड्ड-



4589 किमती 1,30,000/- रु. को जप्त कर उक्त आरोपी को थाना बोधघाट जगदलपुर में अपराध धारा 379 भा.द.वि. के अंतर्गत गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

समाचार संक्षेप

## लूट के आरोपी पर बस्तर पुलिस की कार्रवाई



**जगदलपुर 28 नवंबर।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में लूट के आरोपी पर कार्यवाही करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।ज्ञात हो कि सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड की रहने वाली आकांक्षा पटवा के घर में मुंडन संस्कार होने से पार्टी कार्यक्रम चल रहा था जिससे घर के सभी लोग व्यस्त थे प्रार्थी की बेटा मोबाइल से खेल रहे थे, जिसे आरोपी सुभाष बघेल बच्चे से मोबाइल को लूट कर भाग रहा था, जिसे आसपास के लोगो की मदद से पकड़ कर प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट में अपराध पंजीबद्ध कर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के कब्जे से लुटे गए एक नग श्रश्चश्चश्र कंपनी का मोबाइल किमती लगभग 39,000/- रूपये को जप्त कर उक्त आरोपी को थाना बोधघाट जगदलपुर में अपराध धारा 392 भा.द.वि. के अंतर्गत गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

## गीदम में कार्तिक पूर्णिमा पर दीपदान कर किया भंडारे का आयोजन



**गीदम, 28 नवंबर।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गीदम के बाबा रामदेव मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ । वही भंडारे से पूर्व नगर में भगवान श्री हरी की झांकी भी निकाली गई । गुमडा स्थित शिव मंदिर के पास नदी में कार्तिक स्नान कर दीपदान भी किया गया वही शिव मंदिर में भजन- कीर्तन व पूजा अर्चना भी की गई , इसके पश्चात नगर के बाबा रामदेव मंदिर में खीर प्रसाद का वितरण किया गया । बता दे की नगर में हर वर्ष कार्तिक मास में नगर वासियों द्वारा प्रतिदिन श्री की झांकी निकाली जाती है इसी कड़ी में इस बार भी यह आयोजन धूमधाम से हुआ जिसमे बढ़चढ़ कर श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया , कार्तिक पूर्णिमा में दीपदान व पूजा अर्चना के बाद इसका समापन हुआ।

## छात्रवास में संविधान दिसव मनाया

**कांकेर 28 नवंबर।** पी.एम.टी. छात्रावास में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ



मनाया गया। छात्रावास अधीक्षक कमलेश्वर रामटेके ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करवाया। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान को संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को अपनाया था। यह एक उत्कृष्ट संविधान को अपनाने की वर्षगाठ का दिन है। संविधान दिवस पर उपस्थित इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष शरद ठाकुर ने अपने विचार उद्बोधन में कहा कि स्वतंत्रता, समानता, एवं बंधुत्व संविधान के ये मूलभूत साधन रहे हैं। जिनमें अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्प संख्याकों के लिए विशेष प्रावधान किये गये है। सभी छात्रावासियों को भारतीय संविधान दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि डॉ. अम्बेडकर के वाक्य पैरों में जूता ना सही, हाथों में पुस्तक होनी चाहिए। छात्रावासियों को संकल्प देते हुए कहा कि संविधान की भावना से प्रेरणा लेकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक शसक्त, समावेशी और समावेशी भारत का निर्माण करेंगे। जिसमें प्रमुख रूप से विनोद दुग्गा, संयुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जुर्री, स्थानीय अध्यक्ष अरुण वट्टी सहित छात्रवास के पदाधिकारी एवं छात्र उपस्थित हुए। समस्त जानकारी सयुक्त अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जुर्री ने दिया है।

### बटालियन के सर्वधर्म आराधना स्थल में सहज पाठ का भोग, गुरु का लंगर आयोजित

# गुरु नानक जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 28 नवंबर।** जिले में आज को रति कान्त बेहेरा, कमाण्डेन्ट, 02 बटालियन, के.रि.पु.बल के दिशा निर्देशानुसार पर 02 बटा0, सी.आर.पी.एफ के कैम्प परिसर में गुरु नानक जयंती बडें धुम-धाम से मानाया गया। जिसमे सिख समुदाय के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण पर्व होता है। इस अवसर पर बटालियन के सर्वधर्म आराधना स्थल में सहज पाठ का भोग, गुरू का लंगर आयोजित किया गया और प्रसाद वितरण किया गया। गुरू नानक साहब के जयंती के उपलक्ष में आज 02 बटा0, के.रि.पु.बल के वाहिनी मुख्यालय कैम्प शबरीनगर सुकमा, बी समवाय कैम्प फुलबगड़ी, सी सवमाय कैम्प गादीरास, ई समवाय कैम्प कोर्रा, एफ समवाय कैम्प रामाराम व जी समवाय कैम्प गोरगुण्डा में भी लंगर की व्यवस्था की गई।इस मौके पर द्वितीय वाहिनी केरिपुबल के पवन कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी,अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी, टी. सैमसन राजू उप. कमाण्डेन्ट, प्रज्जवल एन.पी. सहा. कमाण्डेन्ट, के.रि.पु.बल एवं अन्य अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे।अंत में 02 बटालियन, के.रि.पु. बल ने वाहिनी मुख्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों, सभी समवाय अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व जवान उपस्थित रहे।इस गुरू नानक साहब के जयंती को सफल बनाने के लिए जवानों को अभिवादन किया तथा उनके और उनके बच्चों के उज्जवल भविष्य व अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी, साथ ही उन्होंने इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय एवं सभी समवायो में पधारने वाले सुकमा जिले के सभी अतिथिगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के आगमन और बल के सदस्यों के साथ प्रसाद।



# एकादशी व्रत करने से मिलती है रोगों से मुक्तिः यशवंत महाराज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**महासमुंद,28 नवंबर।** पुराना रायपुर नाका में पंडा परिवार द्वारा आयोजित भागवत महापुराण यज्ञ में महाराज डॉक्टर यशवंत शर्मा ने छठवें दिन श्रोताओं को सुदामा चरित्र और भगवान कृष्ण की लीलाओं की कथा सुनाई। महाराज ने कहा भगवान कृष्ण ने मित्र सुदामा के साथ मित्रता को निभा यह ज्ञान एवं शिक्षा प्रदान की मित्रता से बढ़कर और कुछ नहीं होता। सच्चे मित्र व बंधु की परीक्षा कठिन समय में ही होती है। भगवान ने मित्रता निभा यह भी सिद्ध किया के मित्रता के बीच में धन संपत्ति यश कीर्ति सब छोटा है और सच्चे मित्र के लिए मित्र का उत्थान व विकास और जनकल्याण संभव है। जैसा संग वैसा रंग आज के परिवेश में प्रत्येक जनमानस को भगवान श्री कृष्ण की उसे उदारवादी एवं प्रेम से परिपूर्ण मित्रता को अपने जीवन में आदर्श के रूप में देखना और और उसका अनुसरण करना चाहिए। आज की मित्रता में समर्पण एवं सद्भाव का लोक हो रहा है ऐसे में भगवान श्री कृष्ण एवं सुदामा की मित्रता हम सभी के लिए वह मिशाल है। भगवान श्री कृष्ण ने द्वारिकापूरी का निर्माण कर एक अच्छे इंजीनियरिंग का नमूना प्रस्तुत किया। यह अद्भुत विधा और कला हमारे भारत में ही है इसीलिए भारत को विश्व गुरु कहा जाता है। भगवान कृष्ण ने ही गीता जैसे ज्ञान एवं वेद वेदांत की जानकारी दी। भगवान कृष्ण ही एक ऐसे भगवान है जिनके पास 16 कलाएं हैं। इन्ही से विधाओं का विज्ञान का प्रचार प्रसार हुआ। भगवान कृष्ण की लीला में अनेक रहस्य है। मानव जाति को एक उन्नत एवं उच्च व कुशल जीवन जीने का मार्ग भगवान ने बताया। मार्शल आर्ट के जनक भगवान श्री कृष्ण हैं। उनकी मुरली की मधुर धुन गौ, ऋषि-मुनि मनुष्य एवं मनुष्यों का मन मोह लेते थे। महाराज ने कथा के दौरान एकादशी व्रत की महत्ता भी श्रोताओं को बताई। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रतों का राजा है। इसलिए इसमें अन्न का सेवन वर्जित है। ऋषियों के अनुसार अन्न में संपूर्ण पाप आकर के निवास करते हैं। इसलिए एकादशी में अन्न का ग्रहण नहीं करना चाहिए। एकादशी व्रत रहने से हमें आध्यात्मिक एवं लौकिक दोनों लाभ प्राप्त होते हैं। आध्यात्मिक लाभ भगवत प्राप्ति एवं पुण्य की प्राप्ति और लौकिक में रोगों का नाश एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता है। एकादशी पुण्यवर्धक एवं स्वास्थ्यवर्धक दोनों ही व्रत है वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी प्रमाणित है विज्ञान भी यह मानती है कि एकादशी व्रत में एक दिन निराहार रहने से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता हैं।

## एक नजर

### कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संविधान की उद्देशिका का किया वाचन



**राजिम/फिगेंश्वर,28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र फिंगेश्वर में 26 नवम्बर को संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. सी.आर. नेताम एवं एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया अधिष्ठाता डॉ. नेताम ने संविधान के बारे में संक्षिप्त जानकारी देकर संविधान की प्रस्तावना / उद्देशिका का वाचन करवाया। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस कार्यक्रम हमारे देश के विकास और समृध्दि के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। इसे बनाए रखना एक अनिवार्य कदम है। यह कार्यक्रम भारतीय नागरिकों को उनकी राष्ट्रभक्ति और देशप्रेम के प्रति समर्पित बनाने का एक आवश्यक कदम है रा.से.यो. प्रभारी डॉ. ओमेश ठाकुर ने संविधान की महत्ता एवं मौलिक अधिकार के बारे में बताया संविधान दिवस के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों भाषण, चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन किया गया। प्रथम वर्ष के छात्र राजकुमार मधुकर ने संविधान दिवस पर भाषण दिया। इस कार्यक्रम को डॉ. कुंतल सत्कार, डॉ. सुमन रावते, डॉ.सत्येन्द्र पाटले, डॉ. देवेन्द्र कुमार देवांगन, डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. लेखराम वर्मा, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. पायल जयसवाल, डॉ. अशोक कुमार कोसरिया, डॉ. सौरभ पद्मशाली, डॉ. गिरीजेश शर्मा, विभा चंद्राकर एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों के सहयोग से सुचारू रूप से सम्पन्न किया गया।

### पुलिस की रेड में संदिग्ध अवस्था में पकड़ी गई पांच महिलाएं और एक पुरुष



**रायगढ़, 28 नवम्बर।** 27 नवंबर 2023 के दोपहर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राकेश मिश्रा को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम तेलीकोट में कुछ लड़के-लड़कियां इकट्ठे देखे गए हैं जिनकी गतिविधियां उचित नहीं है। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार एवं एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर तत्काल थाना एवं चौकी की स्मॉल टीम के साथ ग्राम तेलीकोट में मुखबिर के बताए स्थान पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां 5 महिलाएं खरसिया, रायगढ़, अंबिकापुर और जशपुर की और एक व्यक्ति श्याम कुमार वर्मा 56 साल निवासी पुरानी बस्ती खरसिया संदिग्ध अवस्था में मिले जिनसे पूछताछ पर मामला संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा महिलाओं एवं पकड़े गए व्यक्ति को थाने लाया गया जिन पर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है। एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन पर रेड कार्यवाही में टीआई राकेश मिश्रा, टीआई सौरभ द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर मनीष कांत सिंह, एएसआई पृथ्वीराज मोहंती, लक्ष्मी राठौर, लेडी हेड कांस्टेबल सरोजिनी राठौर और लेडी कांस्टेबल रंजीता चौहान शामिल थी।

### महिला और बच्चे की अधजली लाश मिलने से सनसनी



**रायगढ़, 28 नवम्बर।** नेतनागर के पास बीती रात एक अज्ञात महिला और बच्चे को अज्ञात लोगों द्वारा पैरावट में जलाकर मारने की घटना की सामने आई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। सूचना पर जुटमिल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार भी मौके पर पहुंचे। पुलिस फोरेंसिक और डॉग स्क्वाड टीम के साथ गहनता पूर्वक जांच कर रही है। फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात करीब 2 से 3 बजे के बीच नेशनल हाईवे पर एक सफेद रंग की कार खड़ी कर कुछ अज्ञात लोगों ने पैरावट में आग लगा दी। पैरावट में धू-धू करके जलती हुई आग को ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास किया तो वहां का दृश्य देखकर उनके पांव तले जमीन खिसक गई क्योंकि पैरावट में एक अज्ञात महिला और बच्चे को जलाया गया था। आनन-फानन में ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी तो मौके पर पुलिस पहुंची और फायर ब्रिगेड से आग बुझाने की कोशिश में लग गए। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान के लिए पुलिस ने आसपास के गांव में जांच पड़ताल की लेकिन किसी के गुम होने की कोई सूचना नहीं है इसलिए पुलिस द्वारा आशंका जताई जा रही है कि महिला और बच्चे की कहीं और हत्या की गई है फिर दोनों की लाश को यहां लाकर पैरावट में आग के हवाले कर दिया गया। पैरावट के पास कार के टायर के निशान भी देखें गए हैं।

# बैलेट मतपत्रों में हेराफेरी की है आशंकाःरूपकुंमारी



**महासमुन्द, 28 नवंबर।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती रूपकुंमारी चौधरी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने बैलेट मतपत्र से हुए वोटिंग में हेराफेरी और गड़बड़ी की संभावना को लेकर जिला कलेक्टर महासमुन्द को ज्ञापन सौपा है । भाजपा जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी सम्पन्न हुए चुनाव कार्य मे लगे हुए शासकीय कर्मचारियों ,80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गो ,और विकलांग मतदाताओं के लिए बैलेट पेपर से मतदान की व्यवस्था की गई थी ।और इन बैलेट मतपत्र वाले पेटियों को स्ट्रांग रूम में रखने की बजाए लोगो की आवाजाही वाले स्थान ट्रेजरी में रखा गया गया है । जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी ने जिला कलेक्टर को सौपे गए ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में बैलेट पेपर से हुए मतपत्रों को साधारण स्थान पर रखा जाना अनेकों आशंकाओं को जन्म दे रहा है 7 ट्रेजरी जैसे लोगो की आसानी से आवाजाही वाले स्थान में रखी हुई मतपेटियों में पूरी तरह गड़बड़ी और हेराफेरी की संभावना है 7 प्रशासन पूरी तरह सत्तापक्ष के दबाव में है 7 इन सभी मतपेटियों को स्ट्रांग रूम में तत्काल रखा जाना चाहिये और कैमरों के जरिये में इनपर निगरानी रखी जाए 7 भाजपा नेताओ ने मुख्यमंत्री भुपेश बघेल पर चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए चुनाव के समय ही आयोग तक त्वरित प्रमाण सहित शिकायत किया कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने चुनाव प्रचार बन्द होने के बाद भी 16 नवम्बर को चुनावी रैलियों की और सत्ता पक्ष के दबाव में अधिकारी कर्मचारी उन रैलियों में शामिल थे 7 जिलाध्यक्ष रूपकुंमारी चौधरी सहित ज्ञापन देने सराईपाली विधानसभा की प्रत्यासी श्रीमती सरला कोसरिया,बसना विधानसभा प्रत्यासी सम्पत अग्रवाल,महासमुन्द विधानसभा प्रत्यासी योगेश्वर राजू सिन्हा, सराईपाली के चुनाव संचालक पूर्व विधायक त्रिलोचन पटेल,महासमुन्द विधानसभा संचालक संदीप दीवान, बसना संचालक अखिलेश भोई,महासमुन्द निर्वाचन अभिकर्ता एतराम साहू,सराईपाली निर्वाचन अभिकर्ता देवेंद्र शर्मा,सहित भाजपा नेता प्रकाश सिन्हा, धर्मेंद्र ठाकुर,गोपाल वर्मा,पार्षद मंगेश टांकसाले,प्रकाश शर्मा,दिग्विजय साहू,दामजी साहू,सोनाधर सोनवानी,सोमेश दावड़ा,भुवन साहू,बरातू साहू,लेख राम ,लिलेंद्र शामिल रहे । भाजपा नेताओं ने प्रदेश में कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश और सत्ता परिवर्तन के भय से दबाव की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 5 साल में जनता से की गई वादाखिलाफी का परिणाम शीघ्र ही सामने आने वाला है ।

# गुरुनानक जयंती पर गुरूद्वारा साहेब में सजा कीर्तन दरबार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**पत्थलगांव, 28 नवंबर।** सिक्खो के प्रथम गुरू गुरूनानक देव की जयंती आज बडे ही हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुयी। सुबह से गुरूद्वारा साहेब मे कीर्तन दरबार सजा हुआ था,पाठ समाप्ती के पश्चात गुरू के अटूट लंगर की शुरूवात हुयी,जिसमे सर्व समाज के हजारो लोगो ने एक साथ बैठकर जयंती के प्रसाद को ग्रहण किया। दरअसल सिक्ख समाज द्वारा अपने प्रथम गुरू नानक देव की जयंती आज बडे ही धूमधाम से मनायी जा रही थी,दिन रविवार को गुरूनानक जयंती की पूर्व संध्या पर शोभा यात्रा निकाली गयी थी,जिसका भ्रमण शहर के तीनो मार्गो मे हुआ था,शाम को गगन चुंबी आतिशबाजी के साथ शोभा यात्रा का समापन हुआ था,साथ ही पिछ्ले एक सप्ताह से चले आ रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओ को भी विराम दिया गया था। आज जयंती के अवसर पर गुरूद्वारे को फूल मालाओ से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया था,सुबह से ही गुरूद्वारा साहेब मे शबद कीर्तन एवं भजन की लडिंया शहर को पावन कर रही थी। सिक्ख समाज के युवा महिला पुरूष सभी जयंती को बेहद खास बनाने की कोशिश मे लगे हुये थे,गुरू का अटूट लंगर शुरू होते ही शहर के अलावा आस-पास से भी प्रसाद ग्रहण करने लोग पहुंचने लगे,सिक्ख युवक युवतीयां बडे ही संस्कारिक ढंग से प्रसाद लेने आये लोगो को भोजन परोस रहे थे। भोजन देने के साथ-साथ युवक युवतीयां वाहेगुरू का नाम साथ मे लेकर भोजन का नाम ले रही थी,यह वाणी स्वतः ही लोगो का मन मोह ले रही थी,शबद कीर्तन मे आज बालिकाओ ने भी अपनी वाणी से गुरूनानक देव के आदर्शो को जन-जन तक पहुंचाया। सिमरन कौर के रागी जत्थे ने शबद कीर्तन से सबका मन मोह लिया,लोग घंटो तक इस रागी जत्थे का शबद कीर्तन मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। देर शाम एक सप्ताह से चली आ रही प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो मे विजेता रहे प्रतियोगियों को पुरस्कार वितरण किया गया। गुरूसिंग सभा के अध्यक्ष इंदरजीत सिंह भाटिया ने सर्वसमाज को गुरूनानक जयंती की बधाई दी।

## समाचार संक्षेप

### सर्व आदिवासी समाज ने मनाया उसपरी में संविधान दिवस



**बीजापुर, 28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर भैरमगढ़ के उसपरी गांव में 15 से अधिक गांव के ग्रामीणों ने डॉ भीमराव अंबेडकर, जयपाल सिंह मुंडा के योगदान को याद करते हुए उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई भैरमगढ़, मलवासी बचाओ मंच और महिला मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम कि शुरूवात बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण और दीप जला कर की गई।कार्यक्रम में वक्ताओं ने संविधान निर्माता समिति के विचारों और मूल अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। संविधान में उल्लेखित अनुसूचित जातियों, जनजातियों के लिए उल्लेखित कानूनों के साथ छेड़छाड़ को लेकर सरकारों की आलोचना भी की गई। पेशा कानून सहित अन्य कानूनों को शिथिल कर बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने पर नाराजगी जाहिर की गई। 5वीं और 6वीं अनुसूची के उल्लेखित प्रावधानों के पालन नहीं किए जाने तथा ग्रामसभा को प्रद्दत अधिकारों का पालन नहीं किए जाने पर चिंता और रोष जाहिर की गई। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष कमलेश पैंकरा ने संविधान दिवस को मनाए जाने और उसके प्रस्तावना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष सीताराम मांझी, युवा प्रभाग अध्यक्ष राजेंद्र कडती, रामलाल कर्मा, विनिता बधेल, सुहाना तारम, मुन्ना कोरसा, दीपा भास्कर, राजेश्वरी नाग, ललित कडती, पंकज कटारिया, विनेश पोड़ियाम, सरस्वती ओयाम, बुधराम गावड़े, सोनारू बारसा, सोना फरसा, अर्जुन, मोटू वट्टी, शुभम कोडोपी सहित बैल, धरमा, चिहका, ताकिलोड, डालेर, ईतामपार, उसपरी, भैरमगढ़, गुडसाकाल, उतला, पल्ली सहित 15 गांवों से ग्रामीण शामिल हुए थे।

### तालाब में डूबने से हुई छात्र की मौत, पिता ने जताई हत्या की आशंका, उठाई जांच की मांग



**बीजापुर,28 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** रविवार को मछली पकड़ने गए 19 वर्षीय छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। मृत छात्र बीजापुर के महाविद्यालय छात्रावास में रहकर फर्स्ट ईयर की पढ़ाई कर रहा था। बताया जा रहा है की छात्र चंदन ककेम (19) निवासी ईलमिड़ी रविवार को मछली पकड़ने जैतालुर तालाब में अपने दोस्तों के साथ गया हुआ था। जिस तालाब में डूबने से छात्र की मौत हुई है, वो ठीक महाविद्यालय के समीप ही है। आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त सहायक केएस मशराम ने बताया कि जिस छात्रावास में रहकर छात्र अध्ययन करता था वहां के आश्रम अधीक्षक ने जानकारी दी की एक छात्र की डूबने से मौत हो गई है। फिर उसके बाद आश्रम अधीक्षक, मण्डल संयोजक और नगरसेना की टीम के साथ मैं स्वयं आधीरात तक छात्र की तलाश कर रहे थे। सोमवार को छात्र का शव तालाब के किनारे मिला पुलिस को मैंने इस घटना की जानकारी दे दी है। छात्र के कान से बह रहा था खून– वहीं इस घटना के बाद मृत छात्र के पिता लिंगैया ककेम ने कहा है की मेरे पुत्र की तालाब में डूबने से मौत हुई है या इसकी हत्या हुई है.? इसकी जाँच होनी चाहिए। छात्र के पिता ने कहा की मुझे शक है की मेरे पुत्र की हत्या की गई है। मेरे बेटे के कान से खून बह रहा था। ऐसे में मौत की असली वजह सामने आनी चाहिए। बीजापुर थाना प्रभारी संजय सिंह राजपूत ने बताया की यह घटना रविवार की है। हमारे पास सूचना आई थी की कालेज के छात्र की तालाब में डूबने से मौत हो गई है। जिसके बाद हमने मृत युवक के शव को बरामद कर लिया है। छात्र का पीएम किया जा रहा है और युवक की मौत डूबने से हुई है या कोई और अन्य कारण है इसकी जाँच की जा रही है।

# यादव समाज सामाजिक समरस्ता पर विश्वास करता हैः रमेंश यदु



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 28 नवंबर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में आज यादव समाज मैनपुर द्वारा देवारी मातर महोत्सव का विशाल आयोजन किया गया, यादव समाज भवन से दोपहर को राऊत नाचा और गाजे बाजे के साथ विशाल कलश और शोभायात्रा निकाली गई गाजे बाजे की धुन में यादव समाज द्वारा पारम्परिक वेशभूषा के साथ आकर्षक राऊत नाचा और झांकी को देखने भारी भींड उमड पडी भारी आतिशबाजी किया गया शाम 04 बजे गोहडीभाठा कार्यक्रम स्थल पहुचा जंहा विशाल सभा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, युवा नेता चित्रांश ध्रुव, जिला पंचायत सभापति श्रीमती धनमती यादव, जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी यादव, भाठीगढ राज प्रमुख हेमसिंह नेगी, जनपद सदस्य मनोज मिश्रा, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, शहर कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, यादव समाज प्रमुख सुखराम यादव, यादव समाज के सरंक्षक गेंदु यादव, थानुराम पटेल, आदिवासी नेताम जन्मजय नेताम, कांति पटेल सहित अतिथियों ने भगवान श्री कृष्ण और साहडदेव की पुजा अर्चना कर किया गया, इस दौरान राऊत नाचा प्रतियोगिता , लाठी चाल, सुआ नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति देर रात समाचार लिखे जाने तक जारी है जिसे देखने हजारों की सख्या में क्षेत्र के लोगो की भीड उमड पडी है।देवारी मातर महोत्सव को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कि यादव समाज का इतिहास काफी गौरवशाली है, हमारा प्रयास होना चाहिए कि हमें समाज को जोडकर समाज के विकास के लिए आगे बढाना है, जिला पंचायत सभापति श्रीमती धनमती यादव ने कहा कि आज समाज के विकास के लिए मातृ शक्ति को भी आगे आने की जरूरत है, उन्होने कहा कि समाज मे आज महिलाओं की भारी उपस्थिति समाज में एकता और महिलाओं के जागरूकता को बताने के लिए काफी है। भाठीगढ राज प्रमुख हेमसिंह नेगी ने कहा कि यादव समाज सभी क्षेत्रो में आगे है, छत्तीसगढ में हमारे पुरूखो ने जो सपना देखा था अब वह पुरा हो रहा है, यादव समाज के गौपालन के क्षेत्र में योगदान को हमेंशा याद किया जायेगा । दोपहर से क्षेत्रभर व अन्य जिलों से पहुचे दर्जनों राऊतनाचा टोलियों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दिया जा रहा है साथ ही सुआ नृत्य के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन समाचार लिखे जाने तक जारी है, जिसे देखने हजारों की संख्या में लोगो की भींड उमड पडी है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से यादव समाज प्रमुख सुखराम यादव, संरक्षक गेंदु यादव, गयाराम यादव, शान्तुराम यादव, श्यामलाल यादव, सोमारू यादव, सरजु यादव, पीलाराम, पुनिया बाई, रूपेश यादव, बजरंग यादव, दयाराम यादव, चेतन यादव, घनश्याम यादव, नरेश यादव, जैतराम यादव, राधाबाई, दशरी यादव, यामिनी यादव, मंगलबाई यादव, अशोक दुबे, बृजलाल सोनवानी, सहित बडी संख्या में पुरेक्षेत्रभर से लोग शामिल हुए, कार्यक्रम का संचालन संरक्षक गेंदु यादव ने किया।

### रायगढ़ विधानसभा में 17 तो अन्य तीन विधानसभा की काउण्टिंग के लिए लगेगी 16-16 टेबल

**रायगढ़, 28 नवम्बर।** मतदान खत्म होने के बाद अब मतगणना के लिए माथापच्ची शुरु हो गई है। प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर इसकी तैयारी की जा रही है। कितने टेबल लगेगा, कितने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी कहां और कैसे बेरिकेटिंग की जाएगी, कहां जाली लगाया जाएगा, यह सब अब तैयारी की जा रही है। दूसरी ओर जिले के हर विधानसभा के लिए 14-14 टेबल मत गणना के लिए लगेगी। यह केंद्रीय चुनाव आयोग का स्टैंडर्ड मानक है। यदि टेबल बढ़ाना पड़ेगा तो इसके कारण सहित केंद्रीय निर्वाचन आयोग से अनुमति लेनी पड़ेगी। इसी तरह पोस्टल बैलेट के लिए भी हर विधानसभा में दो.दो टेबल ही लगाया जा सकता है। अभी रायगढ़ विधानसभा में पोस्टल बैलेट की संख्या अधिक होने के कारण तीन टेबल लगाने की अनुमति ली गई हैं।

# गुरु नानक जयंती पर सभी समाज के लोगों ने प्रसादी ग्रहण किया



**गरियाबंद,28 नवंबर।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर गरियाबंद समेत आसपास के भक्त जनों ने गुरुद्वारा से प्रातः प्रभात फेरी निकाल अरदास पूजा पाठ व प्रार्थना के बाद सामूहिक रूप से भगवान गुरु नानक देव से पूरे देश प्रदेश वन नगर की खुशहाली के लिए प्रार्थना की तथा दोपहर बाद नगर के आम नागरिकों के लिए आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी समाज के लोगों ने भाग लेकर प्रसादी ग्रहण किया। गरियाबंद के सिख, सिन्धी व अन्य समाज के लोगों ने आज प्रातः से ही भगवान गुरु नानक देव जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा पहुंचकर भगवान गुरु नानक देव की भक्ति में लीन नजर आए तथा दोपहर को गुरुद्वारा में आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सभी समाज के लोगों ने मिलकर अपनी उपस्थिति देते हुए प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर सिख एवं सिंधी समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने भाईचारा चारा दिखाते हुए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा ईश्वर से प्रार्थना की देश प्रदेश व नगर में खुशहाली व संपन्नता के साथ भाईचारा बनी रहे ।

# देव दिवाली पर दमक उठी हसदेव नदी

## बनारस की गंगा आरती जैसा बना माहौल, शंखनाद और वेद मंत्रों के बीच हुई आराधना

**कोरबा 28 नवम्बर।** देव दीवाली के अवसर पर सर्वमंगला घाट में उस समय बनारस की गंगा आरती जैसा माहौल बन गया जब हजारों की भीड़ में हसदेव की महाआरती में शामिल होने शहर के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शंखनाद और वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच हुई पूजा-आराधना ने मानव सभ्यता के विकास में नदी के अस्तित्व का एहसास कराया। साथ ही नदी की स्वच्छता में जन-मन की भागदारी को भी प्रेरित किया।

हिंदू क्रांति सेना के तत्वावधान में सोमवार को शहर के सर्वमंगला घाट में हसदेव नदी की महाआरती का आयोजन किया गया। पुण्य फलदायनी इस आयोजन को लेकर सनातन धर्मावलंबियों में खासा उत्साह देखा गया। आरती का साक्षी बनने शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्र के श्रद्धालु उमड़ पड़े। हसदेव सर्वमंगला घाट में लोगों का तांता ऐसा लगा रहा मानो बड़ा मेला लगा हो। तट को जगमग करने के लिए नदी में 11,000 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। घाट को पीले रंग के पट्टिका युक्त खंभों से सजाया गया था। घाट के सात स्थलों पर वेदी बनाई गई थी। जिसके सामने ब्राह्मणों ने खड़े होकर नदी की महाआरती की। ढोल-मृदंग और शंख नाद के बीच हुई आरती ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। लेजर और विद्युत लाईट से पूरा घाट चकाचौंध रहा। शाम के समय से ही भजन



संध्या की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय रहा। पुण्य आयोजन में शामिल होने के लिए हिंदू क्रांति ने सनातन धर्म के संरक्षक समस्त नगरवासियों को आमंत्रित किया था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि नदी की महाआरती में लोगों की सहभागित इस आयोजन के सफलता को दर्शाती है। महाआरती के माध्यम से लोगों में नदी की स्वच्छता और अस्तित्व को संरक्षण देने की दिशा में जागृति आएगी।

आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था उस समय उत्कर्ष पर रही जब नदी में दुग्ध अभिषेक किया गया। 51 लीटर दुध से किए गए अभिषेक से नदी की धारा दीप की रोशनी दुधिया हो गई। इस क्षण में सहभागी बनने क लिए लोग अपने घरों से न केवल आरती की थाल सजाकर लाए थे बल्कि नदी का अभिषेक करतने के लिए दुध भी लेकर पहुंचे।

महाआरती में महानदी मइया को 51 मीटर चुनरी का चढ़ावा आकर्षण का केंद्र रहा। नदी को देवी का स्वरूप मानते हुए तट पर हसदेव मइया की प्रतिमा स्थापित की गई। महाआरती के पहले मंत्रोच्चार से देवी की प्राण प्रतिष्ठा की गई। प्रतिमा को चारों तरफसे दीप की कतारों से सजाया गया था। देवी को चुनरी चढ़ाने से पहले प्रदक्षिणा के दौरान उसे थामने लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। एक ओर दीप प्रज्ज्वलित किए जाने से सर्व मंगलाघाट जगमग हुई वहीं आतिशबाजी से आकाश चकाचैंध रहा। सतरंगी विद्युत रोशनी ने उत्सव में रंग भर दिया। नदी तट में दीप कतार को प्रज्वतिल करने के लिए लोगों ने बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाई। रंगोली और पुष्प सज्जा के बीच कलश स्थापित की गई थी।

ज्योतिषाचार्य पं. दशरथ नंदन शास्त्री के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा के दिन पवित्र नदी के जल से स्नान करके दीपदान करना पुण्य फलदायी होता है। ऐसा कहा जाता है कि देव दीपावली के दिन दीपदान करने से जीवन में सुख-संपन्नता बढ़ती है और देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लोकाचार की परंपरा होने के कारण वाराणसी में इस दिन गंगा किनारे दीपदान किया जाता है। भगवान शिव ने त्रिपुरासुर राक्षस का वध किया था। यह घटना कार्तिक मास की पूर्णिमा को हुई थी। त्रिपुरासुर के वध की खुशी में देवताओं ने काशी में अनेकों दीए जलाए। यही कारण है कि हर साल कार्तिक मास की पूर्णिमा पर आज भी काशी में दीपावली मनाई जाती है। चूंकि ये दीवाली देवों ने मनाई थी, इसीलिए इसे देव दीपावली कहा जाता है।

## एक नजर

### शराब बेचते तस्कर गिरफ्तार

**बिलासपुर, 28 नवंबर।** निजात अभियान के तहत मल्हार पुलिस ने शराब कि अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से 29 पाव देशी शराब जब्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मल्हार पुलिस को सूचना मिली कि मल्हार तालाब के पास एक व्यक्ति के बिक्री करने शराब रखा हुआ है। जिसपर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहा मौके पर बिनोरी निवासी नीलकंठ महिलांगे को पुलिस ने रंगे हाथों शराब के जखीरा के साथ गिरफ्तार किया। जिसके पास से 29 पाव देशी शराब जब्त कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कि है। उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में चौकी प्रभारी मल्हार उप निरीक्षक विष्णु यादव, प्रधान आरक्षक, ओमप्रकाश कुर्रे, आरक्षक छत्रपाल डहरिया, अजय मधुकर, का विशेष योगदान रहा।

### अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किसान से पांच लाख वसूले

**बिलासपुर, 28 नवंबर।** सरकंडा क्षेत्र के बैमा में रहने वाले किसान का अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख 50 हजार रुपये वसूली का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सरकंडा के बैमा में रहने किसान ने पुलिस को बताया कि उनके इंस्टाग्राम एकाउंट में 23 नवंबर को अनजान एकाउंट से वीडियो काल आया। उन्होंने बातचीत करने के लिए काल रिसीव किया। कुछ ही देर बाद उनके एकाउंट में अश्लील वीडियो चलने लगा। उसके बाद उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वीडियो भेजा गया। अश्लील वीडियो उनका ही था। इसे एडिट कर बनाया गया था। वीडियो देखकर किसान परेशान हो गए। दूसरे दिन उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से काल आया। फोन करने वाले ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 51 हजार रुपये मांगे। इससे डरकर उन्होंने अनजान व्यक्ति के कहने पर रुपये भेज दिए। इसके बाद उन्हें कई बार काल कर रुपये मांगे गए। जालसाजों ने डरे हुए किसान से पांच लाख 50 हजार रुपये वसूल लिए। इसके बाद भी उन्हें रुपयों के लिए परेशान किया जाने लगा। लगातार रुपये की मांग किए जाने से परेशान किसान ने घटना की शिकायत सरकंडा थाने में की है।

### शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर दो लोगों की पिटाई

**कोरबा 28 नवम्बर।** काम करने के बाद रात में घर लौट रहे दो युवकों से अलग अलग जगह पर युवकों ने शराब पीने के लिए पैसा मांगा और नहीं देने उनकी पिटाई कर दी। पहली घटना शहर के सिटी कोतवाली अंतर्गत राताखार के गौर चैक के पास हुई। जहां निवासरत खोलबहरा उरांव ट्रांसपोर्ट नगर के एक गैरेज में काम करता है। रात नौ बजे काम करके वह अपने घर लौट रहा था। इस दौरान उसके ही मोहल्ले के धन्नू उर्फबबलू कंवर व लल्ली नामक दो युवकों ने उसे रोका। उन्होंने शराब पीने के लिए पैसा मांगा। खोलबहरा ने मना किया तो उन्होंने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए उससे मारपीट की। डंडे के साथ ही ईंट से हमला करने पर खोलबहरा का सिर फूट गया। इसी तरह ट्रांसपोर्ट नगर के कार सिंगार दुकान में मेकेनिक का काम करने वाला महावीर रोहिदास भी रात में छुट्टी होने पर घर लौट रहा था। वह अपने घर के पास गली में पहुंचा था, तभी मोहल्ले का दीपकदास रोहिदास मिला और उसने रोककर शराब पीने के लिए सौ रुपए देने को कहा। महावीर ने मना किया तो उसने मारपीट की। जानकारी मिलते ही उसके रिश्तेदारों पहुंचे और बीच बचाव मामला शांत कराया।

### मतगणना टेबुलेशन का दिया प्रशिक्षण

**सूरजपुर, 28 नवंबर।** 3 दिसंबर मतगणना तिथि पर मतगणना टेबुलेशन के लिए ड्यूटी लगाए गए अधिकारी एवं कर्मचारी का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में रखा गया था। जिसमें उन्हें त्रुटिहीन मतगणना करने के लिए सुव्यवस्थित पद्धति से अवगत कराया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री पी0सी0 सोनी द्वारा सभी उपस्थित जनों को मतगणना में उपयोग आने वाले विवरण प्रारूप से परिचित कराया गया। इसके साथ ही पूरी प्रक्रिया के बारे में चरणबद्ध तरीके से जानकारी मुहैया करायी। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने सभी उपस्थित जनों को मतगणना की प्रक्रिया के दौरान सावधानी रखने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्राप्त डाटा की एंट्री सावधानीपूर्वक व त्रुटिहीन करनी है। इस अवसर पर सहायक जिला टेबुलेशन प्रभारी श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर (अपर कलेक्टर) व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# केंदई रेंज में हाथी के बाद अब तेंदुए से भय

## तेंदुए ने किसान के घर घुसकर किया बछड़े का शिकार

**कोरबा 27 नवम्बर।** कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में हाथी के बाद अब तेंदुए से भय का माहौल बना है। शनिवार की रात ग्राम हड़मोर निवासी एक किसान के घर में घुस कर तेंदुए ने गोशाला में बंधे बछड़े का शिकार किया है। इस घटना के बाद संरक्षित वन्य जीव के शिकार की भी आशंका बढ़ गई है। इस वजह से वन्य जीव संरक्षण को लेकर वन विभाग की सक्रियता भी बढ़ गई है।

केंदई वन क्षेत्र में तेंदुए धमक ने मवेशी पालकों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। सघन वन परिक्षेत्र होने के कारण तेंदुए के विचरण व मवेशियों के शिकार की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। शनिवार की रात ग्राम पंचायत आमाटिकरा के आश्रित ग्राम हड़मोर निवासी किसान जयपाल सिंह अपने घर में सोया था। उस वक्त घर में तेंदुआ घुस कर उसके गाय के बछड़े को उठा ले गया। सुबह उठकर किसानों ने गोशाला में देखा तो बछड़ा नहीं था। इतने में गांव के पड़ोसी ने आकर सूचना दी कि बछड़े को किसी जानवर ने खेत में शिकार किया है।

जयपाल ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी। गो-शाला का निरीक्षण किए जाने व पांव के निशान के आधार पर पता चला कि किसान के गाय को तेंदुआ ने उठाया है। जयपाल ने बताया कि उसने अपने गोठान में गाय और बैलों को अलग-अलग स्थानों में बांध रखा था, बछड़े को खुला ही रखा था। इस वजह से तेंदुआ बछड़े को उठाकर ले गया होगा। वन परिक्षेत्रा अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि तेंदुआ अपने शिकार को उठाकर ले



जाने में समर्थ होते है। गोशाला का निरीक्षण के करने के बार यह तय हो गया है कि बछड़े का शिकार तेंदुआ ने ही किया। उसने बछड़े के पैर को छोड़ पूरे मास को चट कर दिया हैं।

पशु हानि अधिनियम कि तेहत किसान के नाम पर मुआवजा प्रकरण तैयार किया गया है।सरगुजा वन श्रृंखला से जुड़े होने के कारण कोरबा तेंदुआ व बाघ के विचरण मवेशियों के शिकार से ही पता चल जाता है। संरक्षित जीवों के शिकार की आशंका भी बढ़ गई है। वन्य जीवों के संरक्षण के लिए वन विभाग ने सक्रियता बढ़ गई है।

केंदई रेंज धान की फसल को नुकसान पहंचा रहे हाथी अब सिरमिना से निकलक कोरबी जंगल में पहुंच गए हैं। 58 हाथियों के एक ही झुंड में विचरण को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। इस क्षेत्र में अभी भी धान फसल की पूरी कटाई नहीं हो पाई है। वन विभाग की ओर से किसानों को खेत की ओर जाने के लिए मना किया गया है। दल के अलाव दो लोनर हाथी अभी दो अलग-अलग स्थान विजयपुर व मदनपुर में विचरण कर रहे हैं। एक अन्य लोनर हाथी वापस सूरजपुर जंगल की ओर लौट गया है।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा महामंत्री दीनानाथ ने जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**बलरामपुर, 28 नवंबर।** जिले में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब भाजपा जिला महामंत्री दीना नाथ यादव ने वैलेट पेपर से हुए मतदान में गड़बड़ी होने की आशंका जाहिर करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।जिसमे कहा गया है कि वैलेट पेपर से हुए मतदान की पेटियों को जिला मुख्यालय के ट्रेजरी आफिस में रखा गया है जहाँ पर अनाधिकृत लोगो का भी आना जाना लगा रहता है ऐसे में पार्टी विशेष से लगाव रखने वाले अधिकारी कर्मचारी वैलेट पेपर से छेड़छाड़ कर सकते है ,,जिसे या तो स्ट्रांग रूम में शिफ्ट किया जाए या फिर ट्रेजरी आफिस में ही कड़ी सुरक्षा ब्यवस्था दी जाए साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी वैलेट पेपर की निगरानी की अनुमति प्रदान की जाये,,, जिसको लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि वैलेट पेपर से हुए मत पत्रों को प्रोटोकॉल के हिसाब से पूरी सुरक्षा व्यवस्था दी जा रही है ।

### भूमिगत खदान विजय वेस्ट का उपरी हिस्सा पुनः धंसा

**कोरबा 28 नवम्बर।** जिले के दूरस्थ वनांचल एवं पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत पुटी पखना (विजय वेस्ट) में एसईसीएल चिरमिरी



क्षेत्र द्वारा भूमिगत विजय वेस्ट खदान का संचालन किया जा रहा है। इस खदान का ऊपरी हिस्सा एक बार पुनः शनिवार के रात में धंसक गया। इससे लगभग सात फीट जमीन में गड्ढा हो गया। हालांकि इससे अभी तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। यहां बताना होगा कि इससे पूर्व भी रानी अटारी भूमिगत खदान का ऊपरी हिस्सा एवं विजय वेस्ट के खदान क्षेत्र के ऊपरी तल पर दरार आने की घटना हो चुकी है। ग्राम विजय वेस्ट के इंद्रपाल सिंह मरावी ने बताया कि इस घटना से पेड़-पौधे एवं जीव-जंतु के प्रभावित होने की आशंका है। घटना होने वाले क्षेत्र में खदान के पीछे पंडो आदिवासियों की बस्ती केंदाई व घाघरा मोहल्ले के आदिवासी रहवासी दहशत में हैं। एसईसीएल प्रबंधन को इस ओर सकारात्मक पहल करना चाहिए, ताकि क्षेत्र में निवासरत लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने का झांसा दे 16.40 लाख की ठगी

**कोरबा 27 नवम्बर।** बाल्को की चोटिया कोयला खदान से स्वैच्छिक सेवानिवृति (वीआरएस) लेने वाले कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने का झांसा देकर 16.40 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगी के शिकार पूर्व कर्मचारियों ने पुलिस अधीक्षक कोरबा और बांगो थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि बाल्को कंपनी ने अपनी चोटिया खदान को बंद कर दिया था। साथ ही यहां कार्यरत 39 कर्मचारियों ने अक्टूबर 2020 में वीआरएस फार्म दिया था। इसके बाद कंपनी ने सभी को वीआरएस दे दिया। इसमें चोटिया, कोरबी, जलके, बनिया और इसके आसपास स्थित अन्य गांव के भू- विस्थापित कर्मचारी शामिल थे। सेवानिवृत्ति से पहले वीआरएस मिलने से खदान से प्रभावित कर्मचारियों की आर्थिक स्थित डगमगाने लगी। इस बीच बाल्को कंपनी ने चोटिया कोयला खदान से दोबारा खनन शुरू किया। वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों ने दोबारा काम की तलाश शुरू की, तभी उनकी मुलाकात ग्राम गुरसिया में रहने वाले रोशन बघेल से हुई। रोशन ने वीआरएस लेने वाले कर्मचारियों को बताया कि उसकी पहुंच मंत्रालय तक है और वह दोबारा काम पर रखा देगा। इसके लिए रुपए लगेंगे। इस पर पूर्व कर्मचारी झांसे में आ गए। अलग- अलग किस्तों में 39 कर्मचारियों ने दोबारा काम मिलने की आस में बघेल को 16 लाख 40 हजार रुपये प्रदान किया। इसमें पहला किस्त मार्च में सात लाख 80 हजार रुपये, दूसरा किस्त अप्रैल में सात लाख 40 हजार रुपये व तीसरा किस्त एक लाख 20 हजार रुपये अक्टूबर में दिया। कई माह गुजर गए, पर उन्हें चोटिया में दोबारा काम नहीं मिला। पहले तो बघेल आज कल का हवाला देकर टालता रहा। बाद में काम कराने से इंकार कर दिया। प्रभावितों को रुपये लौटाने से भी मना कर दिया। इससे लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गई। ठगी होने का एहसास होने पर कमलेश निवासी जलके, सुरेंद्र ग्राम जजगी, विनोद ग्राम चोटिया, प्रदीप जांजगीर चांपा पंतोरा समेत अन्य कर्मचारियों ने बघेल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और ठगी का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

# डाक कर्मियों ने निकाली स्वच्छता रैली




**कोरबा 28 नवम्बर।** भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत डाक विभाग की ओर से 16 से 30 नवंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत लोगों को स्वच्छता व पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई कदम उठाए गए। जिला कार्यालय में भी 26 नवंबर रविवार को संकल्प के साथ डाक विभाग के पोस्टमास्टर विजय दुबे के नेतृत्व में विभागीय कॉलोनी से रैली निकाली गई। यह रैली स्वच्छता अभियान के तहत कॉलोनी से कोसाबाड़ी चैक, आरपी नगर कॉलोनी होते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए पुनः गंतव्य स्थान पर पहुंची। रैली में शामिल लोगों ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के स्लोगन को भी लोगों तक पहुंचाया, ताकि वह अपने घरों, कार्यालयों तथा इसके आसपास में पूरी तरह से साफसफाई रखें। इस मौके पर पोस्टमास्टर विजय दुबे ने कहा कि स्वच्छता हमारे संस्कारों में शामिल है। ऐसे में हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि अपने परिसर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ लोगों को भी इस हेतु जागरूक करें। पोस्टमैन डाक बांटने के साथ-साथ स्वच्छता दूत के रूप में लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक करे। पोस्टमास्टर दुबे ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता शपथ समारोह, स्वच्छता मार्च, डाकघरों और कॉलोनियों में सफाई अभियान और पौधारोपण, लेटर बॉक्स पेंटिंग, जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान, स्वच्छता और आजादी का अमृत महोत्सव पर वेबिनार, जैसे तमाम कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इस रैली में डाक विभाग के काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

### स्थापना दिवस पर एसईसीएल मुख्यालय में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कामगार पुरस्कृत

**कोरबा 28 नवम्बर।** एसईसीएल मुख्यालय में कंपनी का 39वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि सीएमडी डा. प्रेम सागर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि एसईसीएल असीम संभावनाओं की कंपनी है तथा इसकी विकास यात्रा में भूतपूर्व खनन मनीषीयों एवं भूतपूर्व नेतृत्व शक्तियों व कर्मवीरों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि पिछले 38 वर्षों में एसईसीएल ने उत्पादन में 500 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। निदेशक (वित्त) जी. श्रीनिवासन ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें इसी प्रकार टीम भावना से मिलकर कार्य करना है। निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना परियोजना एस.एन. कापरी ने कम्पनी के इस वित्तीय वर्ष की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज का दिन हमें पुनरू प्रगति पथ पर आगे बढने के लिए प्रेरणा लेने का दिन है। निदेशक कार्मिक देबाशीष आचार्या ने सीएसआर व भूमि अधिग्रहण के प्रकरणों में कम्पनी की सफलता का उल्लेख करते हुए स्थापना दिवस की बधाई दी। मुख्य सतर्कता अधिकारी जयंत कुमार खामारी ने कहद्य कि अधिकारी-कर्मचारी, श्रमसंघ प्रतिनिधिगण एकजुटता से दिए गए निर्धारित लक्ष्य को अवश्य ही हासिल कर लेंगे। पूर्व अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक आर.बी. माथुर, व्ही.के. सहगल, एम.पी. दीक्षित, पूर्व निदेशक तकनीकी संचालन एन.के. सिंह, सीएल श्रीवास्तव, पूर्व निदेशक (कार्मिक) के.के. श्रीवास्तव ने कहा कि प्रारंभ से ही एसईसीएल की गौरवमयी उपलब्धियाँ रही हैं।

### राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# प्रभात फेरी, अखण्ड संकीर्तन, नगर सज्जा का होगा समावेश

**कोरबा 27 नवम्बर।** अयोध्या की पावन धरती पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचंद्र का भव्य मंदिर आकार ले रहा है। वर्ष 2024 के जनवरी महीने में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना है। इससे पहले देश भर में अनेक कार्यक्रम हिंदू समाज के द्वारा किए जाएंगे। कोरबा में ऐसे कई सोपान पर काम करने के लिए श्री राम जन्मभूमि सेवा महोत्सव ने वृहद बैठक करने के साथ योजना तैयार की है। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोग ऐसे कार्यक्रमों में जुड़ेंगे।

सैकड़ो वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में भगवान श्री रामचंद्र का भव्य मंदिर बनने का रास्ता प्रस्तुत हुआ है और इसके पहले चरण का काम दिसंबर 2023 में पूरा करना भी तय कर लिया गया है। 22 जनवरी 2024 को मध्यान नवीन मंदिर परिसर के गर्भगृह में भगवान राम और जनकनंदिनी सीता के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होगी। राम जन्मभूमि न्यास की देखरेख में इन कार्यों को संपन्न कराया जाना है। प्राण प्रतिष्ठा से पहले भारत और अनेक देशों में सनातन का संदेश पहुंचाने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में श्री राम जन्मभूमि सेवा महोत्सव ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में कार्यक्रम करने के लिए रविवार को सेंट जेवियर स्कूल में बैठक रखी। विभिन्न संगठन और समाज के प्रतिनिधि इसमे शामिल हुए। पूजा अर्चना के साथ आगे



की कार्यवाही की गई। सेवा महोत्सव के प्रयोजन के बारे में सामाजिक कार्यकर्ता किशोर बुटोलिया ने बात रखी। राम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को लेकर हर कोई उत्साहित है। पंडित शिवराज शर्मा और जुडॉवन सिंह ठाकुर ने अपने गीतों के माध्यम से लोगों को श्रीराम से जोड़ने का प्रयास किया। विभिन्न सामाजिक धार्मिक और अन्य संगठनों प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों ने इस अवसर पर जिम्मेदारी ली कि उनके द्वारा भगवान श्रीराम से जुड़े विषय को यादगार बनाने के लिए प्राण प्रतिष्ठा से काफी दिन पहले अपने क्षेत्र में नगर संकीर्तन, शोभायात्रा, प्रभात फेरी निकालने के अलावा अलग-अलग तरीके से साज सज्जा की जाएगी और बहुत सारे लोगों को सीधे तौर पर इस कार्यक्रम से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही कई प्रकार के उपयोगी सुझाव इस कार्यक्रम में आए। श्रीराम जन्मभूमि सेवा महोत्सव कोरबा जिला समिति की घोषणा की गई जिसके अध्यक्ष अशोक तिवारी, सचिव योगेश जैन, कोषाध्यक्ष संतोष खरे सहित उपाध्यक्ष सहसचिव का दायित्व दिया गया। वहीं कोरबा नगर के अध्यक्ष संदीप सिंह, सचिव मृगेश यादव, कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा को दायित्व दिया गया।

श्रीराम जन्मभूमि सेवा महोत्सव से संबंधित इस बैठक में रामपुर क्षेत्र के विधायक ननकीराम कंवर, चंद्रशेखर देवांगन, कमलेश यादव, अशोक तिवारी, शशि देशमुख, बजरंग अग्रवाल, कमलेश मिश्रा, रामबिलास पाल, राजकुमार देवांगन, रुक्मणि नायर, डॉ विशाल उपाध्याय, कैलास नाहक, डॉ राजीव गुप्ता सहित सैंकड़ों धर्मनिष्ठ नागरिक शामिल हुए। बैठक के अंत में श्रीराम जी की आरती किया गया। सामूहिक संकल्प और कार्यक्रम की सफलता के साथ बैठक संपन्न हुई।

## एक नजर

### देवी भागवत का श्रीगणेश



**रायपुर, 28 नवंबर।** कालीमाता महिला समिति कालीनगर पंडरी द्वारा आज से छः दिसंबर तक श्रीमद देवी भागवत कथा ज्ञान सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कथाकार पंडित त्रिभुवन महाराज मिश्रा बारूल वाले दोपहर दो बजे शाम से शाम छः बजे तक कथा वाचन करेंगे। वे संत कवि पवन दीवान के शिष्य हैं। कथा वाचन मयूर क्लब पंडरी में किया जाएगा।

### अमिषा पटेल ने किया जैन क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ



**रायपुर 28 नवंबर।** जैन क्रिकेट चैंपियनशिप का शुभारंभ सोमवार की देर शाम नेताजी सुभाष स्टेडियम में बालीवुड अभिनेत्री अमिषा पटेल ने किया। वेलकम के बीच उन्होने अपनी चर्चित फिल्म गदर का डायलाग सुनाकर मैदान में दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। हिंदुस्तान जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा। मैदान में की गई पंजाबी थीम पर सजावट और काफी संख्या में सिक्ख समाज के सदस्यों की मौजूदगी देखकर कहा कि छत्तीसगढ़ में आकर लग रहा है कि पंजाब में हूं,सिर्फ तारासिंग की कमी रह गई है। बचपन में तो सेवा के लिए हमेशा गुरुद्वारा जाया करती थीं,फिल्म गदर के रिलीज होने के पहले स्वर्णमंदिर जाकर मत्था टेका और गुरुनानक जी ने सुन ली इसलिए फिल्म गदर और गदर टू ने हिंदुस्तान से लेकर पाकिस्तान तक धूम मचा दी। गुरुनानक जयंती व आयोजन की सफलता के लिए उन्होने अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चैंपियनशिप में प्रदान की जाने वाली विनर ट्राफी का अमिषा पटेल ने अनावरण भी किया। उद्घाटन मैन एटी पैलेस और अनंत्या ग्रुप के बीच खेला गया। आयोजन समिति की ओर से सौरभ बाफना और आस्था बाफना ने स्मृति चिन्ह देकर अमिषा पटेल का स्वागत किया। चैंपिनयशिप के पहले दिन ही काफी उत्साह देखने को मिला। सिक्स समाज की ओर से हरमीत होरा, त्रिलोचन सिंह काले, लवली अरोरा, हरकिशन राजपूत प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

### न्युवोको सीएसआर ने किया स्वास्थ्य प्रशिक्षण आयोजित



**रायपुर 28 नवंबर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनी, क्षमता के मामले में, न्युवोको सीमेंट के क्लस्टर हेड श्री राजू रामचंद्रन की प्रेरणा एवं सीएसआर क्लस्टर हेड चन्द्रशेखर उपाध्याय के नेतृत्व में आज रिसदा में सीएसआर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर और ग्राम पंचायत रिसदा के संयुक्त तत्वाधान में मितानीन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिये स्वास्थ्य जागरुकता सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रुप से मितानीन कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक श्रीमती सरोज सेंगर, मितानीन मास्टर ट्रेनर, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रिसदा के प्रभारी डॉ0 अविनाश केशरवानी, जनपद सदस्य श्री अमरसेन, ग्राम पंचायत रिसदा के उप-सरपंच श्री परेश वैष्णव, ग्राम रिसदा, कुकुर्दी एवं ढनढनी की 22 मितानीन, 36 स्वास्थ्य कार्यकर्ता सहित सीएसआर ट्रेनिंग सेंटर की 6 प्रशिक्षिकायें तथा बालिकायें उपस्थित थी। सर्वप्रथम चन्द्रशेखर उपाध्याय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य और प्रासंगिकता की जानकारी दी।

# रायपुर में होने वाले मैच के लिए ऑफलाइन टिकट बिक्री शुरू

### बड़ी संख्या में उमड़े स्टूडेंट्स



**रायपुर 28 नवंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 1 दिसंबर को खेले जाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 सीरीज के चौथे मैच की टिकट की ऑनलाइन बुकिंग जारी है। आज मंगलवार 28 नवंबर से ऑफलाइन टिकट की बिक्री शुरू हो गई है। जिसमें स्टूडेंट्स को 1000 में टिकट मिलेगी। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया के मैच के लिए फैंस में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, स्टूडेंट्स सुबह 6.30 बजे से लाइन लगाकर टिकट खरीदी के लिए तैयार खड़े है। वहीं कुछ छात्रों में टिकट बिक्री की प्रक्रिया को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली है। उनका कहना है कि यह टिकट डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

#### दिखाना होगा वैध पहचान पत्र

भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के लिए छात्रों को 1000 रुपए में टिकट उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए पात्र छात्रों को वैध पहचान पत्र दिखाना होगा। साथ ही पहचान पत्र की एक फोटो कॉपी काउंटर में जमा करनी होगी। जिसके बाद ही उन्हें टिकट मिलेगी। टिकट बिक्री आज सुबह 11 बजे से सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, बुढ़ापारा, रायपुर में ऑफलाइन उपलब्ध होगी।

#### जानिए क्या है टिकट की कीमत

भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच के टिकट का रेट कार्पोरेट बॉक्स के लिए 25 हजार, प्लेटिनम 15 हजार, गोल्ड साढ़े 12 हजार, सिल्वर 10 हजार और स्टैंड केटेगिरी की कीमत एक हजार रुपए तय की गई है। स्टूडेंट्स के लिए 1000 में टिकट मिलेगा।

#### कब होंगे मैच

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण क्रिकेट स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें आमने-सामने होगी। यह मुकाबला शुक्रवार ( 1 दिसंबर ) को शाम 7 बजे शुरू होगा।

## सिद्धाचल भाव यात्रा में श्रद्धालुओं ने आदिनाथ भगवान की वन्दना की



**रायपुर 28 नवंबर।** प्रातः से ही भैरव सोसाइटी में कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव के पुण्यवर्धक विधान संपन्न करने भक्तों का महाविदेह आराधना केन्द्र में तांता लगा रहा , इस अवसर पर विधिकारक श्री विमल जी गोलछा ने बताया की आज के दिन इस तीर्थाधिराज में अनंत आत्माओं ने सिद्धाचल की यात्रा कर भव भ्रमण से मुक्ति पाई है , सिद्ध अवस्था को प्राप्त किया , हम भी आज तीर्थ के पट्ट के सम्मुख पूर्ण विधि विधान से 5 चैत्यवंदन की क्रिया कर सदगति प्राप्ति की कामना करते हैं , उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि विधिकारक जी ने सर्वप्रथम तलहटी का चैत्यवंदन प्रारंभ करते हुए दर्शनम देव देवस्यम दर्शन पाप नाशनम दर्शनम मोक्ष साधनम के दोहे से तलहटी को वंदन करते हुए चैत्यवंदन की क्रिया संपन्न कि फिर क्रम से शांतिनाथ प्रभु , रायानरुख का चैत्यवंदन , फिर पुंडरीक स्वामी जो प्रभु आदिनाथ के प्रथम गणधर , शिष्य थे जिनका मंदिर गिरिराज में प्रभु आदिनाथ के सामने बना हुआ है उनका चेत्य वंदन व पांचवा चैत्यवंदन प्रभु आदिनाथ का पूर्ण भावपूर्वक करते हुए गिरिराज की यात्रा का सजीव वर्णन करते हुए भक्तो को पालितना तीर्थ की भाव यात्रा की अनुभूति कराई , सिद्धाचल ना वासी विमलाचल ना वासी जिन जी प्यारा आदिनाथ ने वंदन हमारा के लोकप्रिय भजन के साथ 108 खमासना के साथ कार्तिक पूर्णिमा की भाव यात्रा संपन्न की उपरोक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ललित लूनिया जी संतोष झाबक डॉ योगेश बंगानी श्रीमती सरला बैद, कांति लूनिया वर्षा सांखला ,श्रीमती मंजू कोठारी आदि उपस्थित थी ट्रस्ट बोर्ड द्वारा पेड़े की प्रभावना प्रसादी के रूप में वितरित की गई । पालितना तीर्थाधिराज की भावयात्रा के पश्चात चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में चारों दादा गुरुदेव की साधना आराधना निमित्ते बड़ी पूजा का आयोजन सैकड़ों भक्तों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ । अध्यक्ष संतोष बैद द्वारा सर्वप्रथम स्थापना का विधान नारियल पुष्प अक्षत दादागुरुदेव की छतरी के सम्मुख समर्पित करते हुए अष्ठ द्रव्य जल,चंदन, पुष्प,धूप, दीप, अक्षत, नैवेद्य, एवम,फल, समर्पित कर संपन्न किया गया , नवमी पूजा ध्वज पूजा में महिलाओं ने मार्बल की कलात्मक छतरी की 3 प्रदिक्षणा देकर ध्वजा को शिखर पर आरोहित किया फिर वस्त्र पूजा के साथ 10 विधान संपन्न कर 11 वे विधान में पूजन जग सुखकारी गुरु तेरे चरण कमल नी बलिहारी के द्वारा पूजा के समस्त विधान सुप्रसिद्ध गायक निर्मल पारख , वर्धमान चोपड़ा , दिप्ती बैद शैला बरडिया के दादा गुरुदेव के उपकारों पर आधारित भजनों से भक्तिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए पूजा एवम गुरुप्रसादी लाभार्थी परिवारों द्वारा रखी गई ।

## सरयूपारीण ब्राह्मण सभा का दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न

**रायपुर 28 नवंबर।** संविधान दिवस के दिन सरयूपारीण ब्राह्मण सभा छत्तीसगढ़ के 40 वर्ष पुराने संविधान में भी सर्वसम्मति से डॉ सुरेश शुक्ला अध्यक्ष की अध्यक्षता में विभिन्न संशोधन कर दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

समाज के अध्यक्ष डॉ सुरेश शुक्ला ने बताया कि सरयूपारीण ब्राह्मण सभा का गठन 1984 में किया गया था ,जिसमें वर्तमान समय अनुरुप कुछ संशोधन किए जाने थे।आमसभा में कार्यकारिणी के द्वारा अनुमोदित संशोधन प्रस्तावों पर चर्चा की गई एवम सर्वसम्मति से सभी प्रस्तावों को स्वीकार कर संशोधन किए गए ।

सैकड़ों सदस्यों की उपस्थिति में दीपावली मिलन समारोह भी आयोजित किया गया, सभी ने एक दूसरे को बधाई देते हुवे समाज के सभी लोगों से सक्रियता बढ़ाने का आव्हान किया। कार्यक्रम का समापन रात्रि भोजन के साथ सम्पन्न हुआ।

सभा मे मुख्यरूप से दयाशंकर पांडे,अजय तिवारी,प्रेमशंकर तिवारी राममूरत तिवारी ,बी के मिश्रा,मित्रेश दुबे,राजेन्द्र शर्मा ,राजेश त्रिपाठी,,रामह्र्दय तिवारी ,आचार्य त्रिपाठी ,संजय तिवारी,प्रमोद शर्मा विनोद पांडे,प्रमोद गौतम कमलेश मिश्रा विनीत तिवारी आर के तिवारी ,पांडे जी ज्योतिषचार्य,संतोष उपाध्याय, के एस शुक्ला, रमेश उपाध्याय,विजय कांत शर्मा, कपिल ओझा, राविप्रकाश उपाध्याय, डीसी त्रिपाठी, त्रिभुवन तिवारी, सीए विजय मिश्रा, राजू महराज, अरुण कुमार मिश्रा, रमाशंकर दुबे, ओमप्रकाश मिश्रा, दिलीप तिवारी, राघवेंद्र शुक्ला, महेन्द्र द्विवेदी, कृपा शंकर शुक्ला, विद्याकान्त मिश्रा, संजीव मिश्रा, नागेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, बृजेश त्रिपाठी, बिमलेश त्रिपाठी, अजय तिवारी, अंकित द्विवेदी, रवि तिवारी, शेष नारायण त्रिपाठी, बालमुकुंद तिवारी, संतोष दुबे, यमुना प्रसाद मिश्रा, प्रदीप पांडेय, अशोक द्विवेदी, दीपक शुक्ला, शरद तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, निखिल द्विवेदी, राम बदन शुक्ला, राजेश पान्डेय, पवन त्रिपाठी, एस बी गौतम आरबी त्रिपाठी, रमाशंकर पान्डेय, विनीत तिवारी, परमहंस उपाध्याय, कृष्ण कुमार तिवारी, सतीश शर्मा कृपा शंकर त्रिपाठी,

महिला प्रतिनिधि श्रीमती अपर्णा तिवारी,ममता तिवारी ,ज्योति शुक्ला डॉ अभिलाषा शुक्ला अनुकृति शुक्ला ममता तिवारी,

मनोज्ञा त्रिपाठी ,ज्योति दुबे सहित और भी बहुत से सम्मानित सदस्यों की उपस्थिति रही।

### स्पर्धा स्प्लैश के 11वें एडिशन का शुभारंभ

**रायपुर 28 नवंबर।** एक्सिस बैंक ने 7 से 14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर एक वार्षिक देशव्यापी स्पर्धा स्प्लैश के शुभारंभ की घोषणा की है। इस वर्ष स्प्लैश की थीम रहेगी 'दयालुता' (काइंडनैस)। नई पीढ़ी के बीच दयालुता और सद्भावना की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस थीम पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। प्रतिभागी 31 दिसंबर तक एक्सिस बैंक स्प्लैश.इन पर पंजीकरण कराते हुए अपनी प्रविष्टियां जमा करा सकते हैं। इस स्पर्धा का आयोजन भौतिक और डिजिटल दोनों तौर पर होगा। इस पहल के माध्यम से बैंक का लक्ष्य 6 लाख से अधिक प्रतिभागियों तक पहुंचना है और साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि हर बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले। एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर ने कहा कि इस वर्ष की थीम दयालुता हमारी ब्रांड फिलॉस्फी ओपन से उपजी है, जिसका उद्देश्य बैंकिंग और व्यवसाय से परे समुदायों के साथ जुड़ना है। स्पलैश के माध्यम से हम इन युवा दिमागों को एक बेहतर कल बनाने के लिए दयालुता के मूल्य का पता लगाने, व्यक्त करने और अपनाने के लिए एक जीवंत कैनवास प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विजेताओं को 1 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, साथ ही उन्हें मिलेंगे शानदार और रोमांचक गिफ्ट हैम्पर्स दिये जाएंगे।

## यादवों को नशा मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लेना चाहिए: संतोष यदु




**रायपुर 28 नवंबर।** यादव (ठेठवार) समाज रायपुर राज के राज मुख्यालय भवन महादेव घाट रायपुर में दीपावली मिलन का आयोजन किया गया जिसमें समस्त रायपुर महानगर इकाई सहित 16 पार के पदाधिकारीगण एवं स्वजाति बंधु काफी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्री कृष्ण जी की आराधना एवं विधि विधान से पूजा अर्चना किया तत्पश्चात सभी ने रायपुर राज के अंतर्गत मनाए जाने वाले दीपावली पर्व एवं मातर पर्व की विस्तृत जानकारी दी सभी स्वजातीय बंधुओं ने एक दूसरे को मंगल टीका लगाकर दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में बड़े बुजुर्गो ने एक से बढ़कर एक दोहा सुनाया ( जय महामाया मोर महोबा के भाई, ओतो अखरा के गुरु बैताल, चौसठ जोगिनी, मोर पुरखा के, भुजा में लियो सहाय) जिससे सभी खुश होकर झूमने लगे समाज के अध्यक्ष संतोष यदु ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी यादवों को नशा मुक्ति दीपावली मनाने का संकल्प करना चाहिए इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष संतोष यदु , महासचिव मनीराम यादव, संरक्षकगण हरीराम यदु संतोष यादव, अभय राम यदु सलाहकार नरेश यादव, रामजीवन यदु, प्रवीण यादव, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष परमानंद यादव, सचिव युगल यदु, सहसचिव भगत राम यादव, यशवंत यादव, मंच संचालन प्रभारी गजानंद यादव, संगठन मंत्री शैलू यदु, मनीष यदु, पार अध्यक्षों में पुनीत राम यादव, नेतराम यादव, मुन्ना यादव, रघुनंदन यादव, कुंज बिहारी यदु

डॉ इतवारी राम यादव, कुलेश्वर यादव, हीराराम यादव, युवा प्रकोष्ठ कोषाध्यक्ष बंशी यादव, रुपेश यादव, गज्जू यादव, बल्ला यादव, बसंत यदु , नागेश यदु जयप्रकाश यदु राजेंद्र यदु, गोविंद यदु, सहित काफी संख्या में सामाजिक बंधुओ ने आयोजन में हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23